## खबर संक्षेप

### जल निगम के 119 पाइप चोरी

**सतना।** जल निगम को एक बड़ा झटका लगा है,जहां पन्ना रोड स्थित एक रिसॉर्ट के पास से जल निगम के 119 पाइप चोरी हो गए हैं। इन पाइपों की कीमत लगभग 8 लाख रुपये बताई जा रही है,क्योंकि एक पाइप की कीमत करीब 8 हजार रुपये है। सबसे चौंकाने वाली बात यह है कि इन भारी पाइपों को उठाने के लिए हाइड्रा या क्रेन जैसी भारी मशीनों की आवश्यकता होती है,जिससे यह साफ है कि चोरी को किसी जानकार व्यक्ति ने अंजाम दिया है। जिस जगह से पाइप चोरी हुए,वहां सरकारी कैमरे भी लगे हैं,जिससे पुलिस को जांच में मदद मिल सकती है। जल निगम ने इस मामले में पुलिस के पास शिकायत दर्ज करा दी है और पुलिस ने एफआईआर दर्ज करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है।

### नकली उत्पाद बेचकर सेहत से हो रहा खिलवाड़, हुई कार्रवाही

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

नामी ब्रांड के नाम पर मिलते जुलते नाम के तहत नकली उत्पाद बेचकर लोगों की सेहत और विश्वास से खिलवाड़ करने वालों पर बड़ी कार्रवाई हुई है। बताया जाता है कि पतंजलि फूड्स लिमिटेड के मशहूर खाद्य तेल "महाकोष" की हूबहू नकल कर "महासुख" नाम से नकली तेल बनाने और बेचने वाले कारोबार पर दिल्ली की वाणिज्यिक अदालत के आदेश पर जिला पुलिस ने छापा मारा। छापे के दौरान भारी मात्रा में नकली तेल, पैकेजिंग सामग्री और लेबल जब्त किए गए। यह धंधा श्री जी एंटरप्राइजेज नामक कंपनी द्वारा चलाया जा रहा था, जिसे महेश चंद्र जैन संचालित कर रहे थे। पतंजलि फूड्स लिमिटेड को लगातार शिकायतें मिल रही थीं कि बाजार में महासुख नाम से ऐसा तेल बेचा जा रहा है, जिसकी पैकिंग और डिज़ाइन महाकोष जैसी है और उपभोक्ता भ्रमित हो रहे हैं। अदालत ने मामले को गंभीर मानते हुए लोकल कमिश्नर मुकेश कुमार शर्मा को जांच का जिम्मा सौंपा और 26 अगस्त को कटनी में फैक्ट्री पर छापा मारा गया। जांच में साफ हुआ कि फैक्ट्री में पतंजलि के रजिस्टर्ड ट्रेडमार्क और कॉपीराइट की नकल कर नकली उत्पाद तैयार किए जा रहे थे। अदालत के आदेश पर फैक्ट्री में जब्त सभी सामानों को सील कर दिया गया। आदेश का उल्लंघन करने वालों पर सख्त कानूनी कार्रवाई होगी।

## कीचड़ भरे रास्ते से मरीज को चारपाई पर उठाकर ले जाना पड़ा अस्पताल

**मैहर। मैहर जनपद के बंशीपुर गांव में विकास की कमी एक बार फिर उजागर हुई है। गांव के उमरिया टोला में सड़क न होने के कारण ग्रामीणों को भारी परेशानी हो रही है। हाल ही में एक बीमार व्यक्ति को अस्पताल ले जाने के लिए ग्रामीणों को कीचड़ भरे कच्चे रास्ते से चारपाई पर उठाकर मुख्य सड़क तक ले जाना पड़ा।**



सड़क न होने की वजह से एंबुलेंस गांव तक नहीं आ पाती। चौंकाने वाली बात यह है कि इसी मोहल्ले में 100 लोगों की आबादी है और गांव की महिला सरपंच सुमन श्रीराम पटेल का घर भी यहीं है। ग्रामीणों का कहना है कि जब सरपंच के गांव का ही यह हाल है, तो बाकी गांवों में विकास की क्या स्थिति होगी, इसका अंदाजा लगाया जा सकता है। यह घटना शासन-प्रशासन के विकास के दावों की पोल खोलती है। पिछले कई वर्षों से ग्रामीणजन यह परेशानी भोगने के लिये मजबूर हैं।

## समय से पहले रवाना हो गई ज्ञान गंगा एक्सप्रेस, यात्री परेशान

**सतना।** रेल प्रशासन की लापरवाही की वजह से बुधवार को सतना में यात्रियों को उसे वक्त परेशानी का सामना करना पड़ा जब गाड़ी संख्या 22132 ज्ञान गंगा एक्सप्रेस के सतना स्टेशन से तय समय से 15 मिनट पहले रवाना हो गई। यह घटना रेलवे की बड़ी लापरवाही को उजागर करती है,जहां यात्रियों को ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों माध्यमों से गलत जानकारी दी गई,जिसके कारण उनकी ट्रेन छूट गई। गाड़ी संख्या 22132 ज्ञान गंगा एक्सप्रेस,जो बनारस से पुणे जंक्शन तक चलती है,उसका सतना पहुंचने का निर्धारित समय सुबह 11:15 बजे था। कई यात्रियों ने अपनी यात्रा की योजना इसी समय के अनुसार बनाई थी। ऑनलाइन टिकट बुकिंग और रेलवे इंक्वायरी सिस्टम में भी यही समय दिखाया जा रहा था। हालांकि,जब यात्री स्टेशन पहुंचे,तो पता चला कि ट्रेन सुबह 11:00 बजे ही सतना से निकल चुकी थी। इस अचानक बदलाव के कारण वे अपनी यात्रा जारी नहीं रख पाए। रेलवे कर्मचारियों से पूछने पर एक यात्री को बताया गया कि ट्रेन का समय बदल गया है,लेकिन इस बदलाव की कोई आधिकारिक सूचना यात्रियों को नहीं दी गई थी। न तो रेलवे की वेबसाइट पर,न ही स्टेशन पर लगे डिस्प्ले बोर्ड पर और न ही किसी अन्य माध्यम से इस बदलाव की जानकारी दी गई।यह स्थिति यात्रियों के लिए भ्रम और असुविधा का कारण बनी। इस घटना ने रेलवे के सूचना प्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। जब रेलवे इंक्वायरी और ऑनलाइन दोनों जगहों पर समय 11:15 बजे ही दिखाया जा रहा था, तो ट्रेन 11:00 बजे कैसे रवाना हो गई? इस लापरवाही का सीधा असर उन यात्रियों पर पड़ा,जिन्हें अब अपनी यात्रा के लिए नई व्यवस्था करनी पड़ेगी। कई यात्रियों को अपना टिकट रद्द कराना पड़ा,जबकि कुछ को अगले दिन की ट्रेन का इंतजार करना पड़ा।इस तरह की घटनाएँ रेलवे पर यात्रियों के विश्वास को कमजोर करती हैं। यात्रियों की सुरक्षा और सुविधा सुनिश्चित करना रेलवे की प्राथमिक जिम्मेदारी है।इस मामले में,यह स्पष्ट है कि रेलवे अपनी जिम्मेदारी निभाने में विफल रहा।अब सवाल यह उठता है कि इस बड़ी लापरवाही के लिए जिम्मेदार कौन है और क्या रेलवे यात्रियों को हुई असुविधा के लिए कोई मुआवजा देगा? एक जिम्मेदार यात्री ने कहा कि रेलवे अधिकारियों को इस मामले की जाँच करनी चाहिए और भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए ठोस कदम उठाने चाहिए,ताकि यात्रियों को सही और समय पर जानकारी मिल सके और उन्हें अनावश्यक परेशानियों का सामना न करना पड़े।

### इनका कहना है

ज्ञान गंगा एक्सप्रेस के सतना से छूटने का समय 11:00 बजे है लेकिन इस तरह की चूक कैसे हुई,इसे रेलवे के रिकॉर्ड में देखना पड़ेगा।

**अब्दुल मतीन,स्टेशन अधीक्षक सतना।**

## 12वां व्यापार मेला होगा ऐतिहासिक




**सतना।** विन्ध्य चेम्बर ऑफ कॉमर्स एण्ड इण्डस्ट्रीज,सतना द्वारा 19 दिसम्बर 2025 से 29 दिसम्बर 2025 तक चेम्बर द्वारा 11 दिवसीय 12वां विन्ध्य व्यापार मेला आयोजित किया जा रहा है जिसकी तैयारियों को लेकर आवश्यक बैठक सतना के उद्योग जगत से जुड़े व्यापारियों के साथ बुधवार सायं 04 बजे चेम्बर सभागार सतना में चेम्बर अध्यक्ष सतीश सुखेजा की अध्यक्षता मे आयोजित की गई।चेम्बर मंत्री हरिओम ने बताया कि चेम्बर द्वारा 19 दिसम्बर 2025 से 29 दिसम्बर 2025 तक विन्ध्य व्यापार मेला 2025 का आयोजन बी.टी.आई. ग्राउण्ड रीवा रोड सतना में आयोजित किया जा रहा है। मेला के आयोजन की व्यवस्था एवं तैयारियों के सन्दर्भ में सतना के व्यापार जगत से जुड़े हस्तियों के साथ आवश्यक बैठक का आयोजन आज चेम्बर सभागार में किया गया जिसमे उपस्थित सदस्यो से विभिन्न रचनात्मक सुझाव प्राप्त हुये। जिन्हे क्रियान्वित करने का प्रयास चेम्बर टीम द्वारा किया जायेगा।चेम्बर अध्यक्ष सतीश सुखेजा ने कहा कि आप सभी के सक्रिय सहयोग से विन्ध्य व्यापार मेला 2025 ऐतिहासिक होगा विन्ध्य व्यापार मेला सफल बनाने के लिए हम शासन प्रशासन के सम्पर्क में है। आटोमोबाइल्स,रोड टैक्स में छूट दिलाने के लिए मुख्यमंत्री से मिलकर इसका लाभ सतना के व्यापारियों को दिलाया जायेगा साथ ही मेले में स्वदेशी वस्तुओं के बारे में लोगो के जागरूक किया जाएगा। पिंक जोन बनाकर महिलाओं को वरियता दी जायेगी एवं कहा कि हमें पूरा विश्वास है कि व्यापार मेला का आयोजन सफल होगा एवं यह मेला प्रदेश मे सतना की पहचान बनायेगा। बैठक का आभार मेला प्रबंधन के समन्वयक जयदेव ताम्रकार द्वारा किया गया।

### पेट्रोल पंप संचालक पर बिजली चोरी का आरोप,81 हजार का जुर्माना

**मैहर।** शहर में एक बड़ी कार्रवाई के तहत,बिजली विभाग ने हाईवे पर एक निर्माणाधीन भवन में हो रही बिजली चोरी का खुलासा किया है।यह भवन भारत पेट्रोलियम पेट्रोल पंप के पास बन रहा था और आरोप है कि इसका संचालक मितेश अवैध तरीके से बिजली का उपयोग कर रहा था। बिजली विभाग की टीम ने छापा मारकर पाया कि बिना वैध कनेक्शन के बड़ी मात्रा में बिजली का इस्तेमाल किया जा रहा था। विभाग ने आरोपी पर विद्युत अधिनियम 2003 की धारा 135/138 के तहत कार्रवाई करते हुए 51,907 का जुर्माना लगाया, जिसमें 48,907 की क्षतिपूर्ति और 3,000 की समन राशि शामिल है।विभाग ने चेतावनी दी है कि यदि तय समय में जुर्माना नहीं भरा गया,तो मामला अदालत में ले जाया जाएगा। इस कार्रवाई से यह संदेश गया है कि अब बड़े और रसूखदार लोगों पर भी कानून के अनुसार कार्रवाई की जा रही है।

### शिप्रा एक्सप्रेस में एसी खराब होने पर यात्रियों का हंगामा



पश्चिम मध्य रेलवे के सपना रेलवे जंक्शन में रेलवे स्टेशन पर,मंगलवार को शिप्रा एक्सप्रेस के यात्रियों ने जमकर हंगामा किया। ट्रेन के एसी कोच का एयर कंडीशनर खराब होने के कारण यात्री लगभग दो घंटे तक परेशान रहे। गर्मी और घुटन से त्रस्त यात्रियों ने प्लेटफॉर्म नंबर 2 पर हंगामा करना शुरू कर दिया। सूचना मिलते ही आरपीएफ और कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और यात्रियों को शांत कराने का प्रयास किया। रेलवे अधिकारियों ने तुरंत तकनीकी टीम को बुलाया,लेकिन एसी ठीक होने में काफी समय लगा। यात्रियों के बढ़ते हंगामे के कारण,ट्रेन को सतना से रवाना किया गया। रेलवे प्रशासन ने यात्रियों को हुई असुविधा के लिए खेद व्यक्त किया है। यहां पर महत्वपूर्ण बात यह है कि ट्रेनों में ऐसी नहीं चलने टॉयलेट में पानी नहीं आने और टॉयलेट में एक गंदगी होने की घटनाएं लगातार आम होती जा रही हैं। यात्री जब परेशानी को लेकर हंगामा करते हैं तो रेलवे प्रशासन और रेलवे स्टेशन पर मौजूद अधिकारियों और कर्मचारी की कोशिश रहती है कि किसी तरह से ट्रेन को आगे के लिए रवाना कर दिया जाए। लेकिन ट्रेन में समस्या जस की तस्वीर रहती है यात्री परेशानी में ही अपनी यात्रा को पूरा कर देते हैं उनकी सुनी नहीं जाती है। सतना रेलवे स्टेशन में तैनात अधिकारियों की लापरवाही और मनमानी की वजह से इस तरह की घटनाएं लगातार हो रही हैं यहां हालात यह है कि रेलवे प्लेटफार्म और परिसर में गंदगी फैली रहती है।

## गणेश उत्सव की धूमः घर-घर विराजे गजानन

**सतना।** शहर में गणेश चतुर्थी का त्योहार धूमधाम से मनाया जा रहा है। इसी कड़ी में,अनिल,किशन, और अजय धनवानी के घर पर भी पूरे विधि-विधान के साथ भगवान गणेश की प्रतिमा स्थापित की गई है। परिवार के सदस्यों,यश,आशीष और नितिन ने बताया कि यह उत्सव नौ दिनों तक चलेगा। इन नौ दिनों के दौरान,सुबह-शाम दो बार सामूहिक आरती और भोग का आयोजन किया जाएगा,जिसके बाद प्रसाद का वितरण होगा। धनवानी परिवार पिछले 10 सालों से सुभाष पार्क स्थित अपने घर पर एक साथ मिलकर गणपति



जी की पूजा-अर्चना करता आ रहा है। इस दौरान परिवार के सभी सदस्य अपनी उपस्थिति दर्ज कराते हैं और इस परंपरा को निभाते हुए अत्यंत आनंद की अनुभूति करते हैं। इस पावन अवसर पर आशा देवी,किशन,माधुरी देवी, अनिल, मधु, अजय, नीलम, नितिन,डॉ. शेफाली, आशीष, दिया, शैरिन,यश,अरविंद, रीटा रानी,किशोर और रश्मि चंदानी समेत परिवार के अन्य सदस्य भी मौजूद रहे। बच्चों में युग,देव,इवान,वायु पपन और अश्विन ने भी इस उत्सव में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

## नागौद पुलिस ने जुए के फड़ का किया भंडाफोड़



**सतना।** नागौद पुलिस ने एक बड़ी सफलता हासिल करते हुए जुए के एक बड़े फड़ का भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने हिलौंधा गांव में एक झोपड़ी के पास से तीन जुआरियों को गिरफ्तार किया है। इन आरोपियों के पास से 45,100 रुपये नकद,एक आर्टिका कार (MP17 ZN 7603) और एक मोबाइल फोन जब्त किया गया है। गिरफ्तार किए गए आरोपियों में रीवा निवासी संजय अग्रवाल,सलमान खान और राकेश साहू शामिल हैं। हालांकि,जुआ खिलाने वाले मुख्य आरोपी सौरभ सिंह परिहार और बालेन्द्र बागरी पुलिस को देखकर अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गए। पुलिस अधीक्षक आशुतोष गुप्ता के निर्देश पर यह कार्रवाई की गई। गिरफ्तार आरोपियों को माननीय न्यायालय में पेश किया गया है, जबकि फरार आरोपियों की तलाश जारी है। इस सराहनीय कार्रवाई में थाना प्रभारी अशोक पाण्डेय और उनकी टीम की महत्वपूर्ण भूमिका रही है।

## महिला मोर्चा ने किया जीतू पटवारी के पुतले का दहन



**मैहर।** कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी द्वारा महिलाओं पर की गई टिप्पणी के विरोध में मैहर में भारतीय जनता पार्टी की महिला मोर्चा ने जमकर प्रदर्शन किया। मैहर विधायक श्रीकांत चतुर्वेदी की उपस्थिति में,महिला कार्यकर्ताओं ने घंटाघर चौराहे पर जीतू पटवारी का पुतला दहन किया और उनके खिलाफ जमकर नारेबाजी की।इस दौरान जीतू पटवारी मुर्दाबाद के नारे लगाए गए,जिसमें महिला मोर्चा और भाजपा के कई पदाधिकारी भी शामिल हुए।कार्यकर्ताओं ने कहा कि जीतू पटवारी का बयान प्रदेश की महिलाओं का अपमान है और वे ऐसे बयानों को बिल्कुल भी बर्दाश्त नहीं करेंगी। इस प्रदर्शन से भाजपा महिला मोर्चा ने कांग्रेस और उसके प्रदेश अध्यक्ष के प्रति अपना कड़ा रोष व्यक्त किया।

### हैंडपंप पर अतिक्रमण से पेयजल समस्या,ग्रामीण परेशान



**मैहर।** मैहर के ग्राम अजवाइन में एक सरकारी हैंडपंप पर अतिक्रमण होने से ग्रामीणों को पेयजल की समस्या का सामना करना पड़ रहा है। गांव के कुछ लोगों ने हैंडपंप के चारों ओर कब्जा कर लिया है, जिससे अन्य ग्रामीण उसका इस्तेमाल नहीं कर पा रहे हैं। इस समस्या को लेकर ग्रामीणों ने जनसुनवाई में शिकायत भी दर्ज कराई,लेकिन जिम्मेदार अधिकारियों ने अभी तक कोई कार्रवाई नहीं की है। अतिक्रमण के कारण हैंडपंप का उपयोग प्रभावित हुआ है और पानी की किल्लत बढ़ गई है। ग्रामीणों ने प्रशासन से तत्काल कार्रवाई करते हुए हैंडपंप को अतिक्रमण मुक्त कराने की मांग की है,ताकि गांव के सभी लोगों को स्वच्छ पेयजल मिल सके और उन्हें इस परेशानी से छुटकारा मिल जाए।



### गणेश चतुर्थी के पावन अवसर पर 105 हितग्राहियों को मिला प्रधानमंत्री आवास

**सतना।** राज्य शासन के निर्देशानुसार गणेश चतुर्थी के शुभ अवसर पर प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के अंतर्गत उतैली एवं कृपालपुर में बने घरों का गृह प्रवेश



कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान विभिन्न लाभार्थियों को उनके सपनों का घर सौंपा गया।प्रधानमंत्री आवास योजना का उद्देश्य सभी पात्र परिवारों को पक्का घर उपलब्ध कराना है। इस पहल के तहत उतैली और कृपालपुर में बने ये आवास,जरूरतमंदों को एक स्थायी और सुरक्षित निवास प्रदान करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम हैं। गणेश चतुर्थी जैसे शुभ दिन पर इन घरों का गृह प्रवेश कराया जाना,हितग्राहियों के लिए दोहरी खुशी लेकर आया।

### 5 अक्टूबर से शुरू होगी वैष्णों देवी तीर्थ यात्रा

**कटनी।** मुख्यमंत्री तीर्थदर्शन योजना के तहत वैष्णोदेवी यात्रा के लिए आवेदन आमंत्रित किए हैं। यह यात्रा 5 अक्टूबर से 10 अक्टूबर तक आयोजित की जाएगी। जिले के लिए इस यात्रा में कुल 279 बर्थ आवंटित किए गए हैं। यात्रा के लिए आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 23 सितंबर निर्धारित की गई है। वैष्णोदेवी तीर्थयात्रा के सुचारू संचालन सुनिश्चित करने के लिए नगरीय क्षेत्र के लिए नगर निगम आयुक्त, मुख्य नगर पालिका अधिकारी को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है, जबकि ग्रामीण क्षेत्रों में मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जनपद पंचायत (सभी) को यह जिम्मेदारी दी गई है।आवेदन पत्र विभाग की वेबसाइट से डाउनलोड किए जा सकते हैं। 60 वर्ष से अधिक आयु के पुरूष और 58 वर्ष से अधिक आयु की महिलाएँ आवेदन कर सकती हैं।

### शहर में कबाड़ की दुकानों से बढ़ रही गंदगी और चोरी



**मैहर।** मैहर शहर में कबाड़ का अवैध व्यापार तेजी से बढ़ रहा है,जिससे शहर में गंदगी और अव्यवस्था फैल रही है। कई जगहों पर,खासकर सिटी कोतवाली के सामने,सड़क किनारे कबाड़ की दुकानें लगा दी गई हैं,जिससे आसपास के लोगों को काफी दिक्कत हो रही है। इन दुकानों से निकलने वाला कचरा सड़कों पर फैला रहता है,जिससे आवागमन भी प्रभावित होता है। इसके अलावा,इन दुकानों पर चोरी के वाहनों को काटकर बेचने का भी आरोप है,जिससे चोरों को बढ़ावा मिल रहा है। बताया जाता है कि शिकायत के बावजूद पुलिस और प्रशासन कोई कार्रवाई नहीं कर रहा है। एक तरफ नगर पालिका अतिक्रमण हटाने और सफाई अभियान चला रही है,वहीं दूसरी तरफ कबाड़ माफिया प्रशासन के नियमों की धज्जियां उड़ा रहे हैं।

## वार्ड नंबर 8 में उपभोक्ता भंडार की दुकान के खिलाफ जांच शुरू



**सतना।** वार्ड नंबर 8 में,स्थानीय निवासियों ने उपभोक्ता भंडार की दुकान के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है। निवासियों का आरोप है कि दुकान में गरीबों को मिलने वाले राशन की कालाबाजारी की जा रही है। शिकायतों के बाद,एसडीम ने तुरंत इस मामले की जांच शुरू कर दी है। एसडीम ने मौके पर पहुंचकर लोगों से बात की और आरोपों की सत्यता का पता लगाने के लिए दस्तावेज खंगालने के निर्देश दिए हैं।यह कार्रवाई इस बात का संकेत है कि प्रशासन राशन वितरण प्रणाली में पारदर्शिता लाने के लिए गंभीर है और गरीबों के हक को सुनिश्चित करने के लिए कदम उठा रहा है। जांच के नतीजों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## मुक्तिधाम के रास्ते पर अतिक्रमण, ग्रामीणों ने लगाई कलेक्टर से गुहार

**मैहर। मैहर जिले के उमरी फिफरी गांव में ग्रामीणों को श्मशान घाट जाने के रास्ते में अतिक्रमण के कारण भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।**

गांव के एक व्यक्ति मूलराज सिंह ने कथित तौर पर इस रास्ते पर कंटीली तार की बाड़ लगाकर रास्ता बंद कर दिया है। जब ग्रामीण अतिक्रमण हटाने के लिए कहते हैं,तो उन्हें धमकियाँ मिलती हैं और गाली-गलौज की जाती है। ग्रामीणों ने पहले भी तहसीलदार और एसडीएम से शिकायत की थी,लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। हाल ही में एक ग्रामीण के निधन के बाद दाह संस्कार के लिए शव ले जाने में भी काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ा। ग्रामीणों ने अब जिला कलेक्टर से इस मामले में हस्तक्षेप कर शासकीय जमीन को अतिक्रमण मुक्त कराने और रास्ता खुलवाने की मांग की है ताकि उन्हें और भविष्य में किसी को भी ऐसी परेशानी न हो।

### नाम परिवर्तन सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं अनीता भाटिया उम्र 53वर्ष पति श्री हरदीप सिंह भाटिया निवासी वार्ड क्र. 44 शिवपुरम् टिकुरिया टोला, सतना तहसील-रघुराजनगर, जिला-सतना म.प्र. की स्थायी निवासी हूँ। शादी से पहले मेरा नाम अनीता राजपूत पिता श्री दीदार सिंह था जो कि अब शादी के उपरांत मेरा नाम अनीता भाटिया पति श्री हरदीप सिंह भाटिया हो गया है उक्त दोनों नाम मेरे ही है। यानि मेरा सरनेम राजपूत से बदलकर भाटिया हो गया है। अतः आज से मुझे अनीता भाटिया पति श्री हरदीप सिंह भाटिया के नाम से जाना, पहचाना व पढ़ा,लिखा, देखा एवं सुना जाये।

भवदीय-अनीता भाटिया पति श्री हरदीप सिंह भाटिया
निवासी वार्ड क्र. 44 शिवपुरम् टिकुरिया टोला,
सतना तहसील-रघुराजनगर, जिला-सतना (म.प्र.)

## खबर संक्षेप

### घर-घर में बिराजे गणेश जी, भक्तों ने की षोडशोपचार से पूजा-अर्चना



**अमानगंज।** नगर सहित क्षेत्र में गणेश उत्सव बड़े श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया जा रहा है। घर-घर में गणपति बप्पा की स्थापना की गई, जहां भक्तों ने षोडशोपचार विधि से पूजन-अर्चन कर मंगलकामनाएं कीं। ढोल-नगाड़ों और जयकारों के बीच वातावरण भक्तिमय बना रहा। महिलाएं और बच्चों ने भी उत्साहपूर्वक भाग लिया। पूरे नगर में गणेश उत्सव की रौनक छा गई है बच्चों ने खूब लड्डू बांट कर मनाया गणेश उत्सव।

### अनधिकृत कॉलोनी के संबंध में एक सितम्बर तक प्रस्तुत करें आपत्ति

**पन्ना।** कलेक्टर न्यायालय द्वारा अनुविभागीय अधिकारी राजस्व पन्ना के प्रतिवेदन पर किशोरगंज मोहल्ला पन्ना निवासी अनावेदकगण किशोरीलाल कुशवाहा, श्यामलाल कुशवाहा, राजकुमार कुशवाहा एवं सोनी कुशवाहा के द्वारा ग्राम पन्ना स्थित सर्वे नंबर 422 रकवा 0.275 हे. भूमि पर निर्मित कॉलोनी को अनधिकृत कॉलोनी घोषित करने की कार्यवाही की जा रही है। इस संबंध में किसी भी व्यक्ति द्वारा आगामी एक सितम्बर तक कलेक्टर न्यायालय में स्वयं उपस्थित होकर अथवा अधिमान्य अधिवक्ता के माध्यम से आपत्ति प्रस्तुत की जा सकती है। इसके उपरांत किसी भी आपत्ति या आवेदन पत्र पर कोई विचार नहीं किया जाएगा। अनावेदकगण द्वारा उक्त सर्वे नंबर की भूमि पर कॉलोनी निर्माण का रजिस्ट्रीकरण प्रमाण पत्र, कॉलोनी विकास की अनुज्ञा प्राप्त किए बगैर तथा नगर व ग्राम निवेश से लेआउट स्वीकृति एवं अनापत्ति प्रमाण पत्र प्राप्त किए बिना अनधिकृत कॉलोनी का निर्माण किया जा रहा था। इसके अलावा किसी भी प्रकार का आंतरिक विकास कॉलोनी में नहीं किया गया तथा रेरा पंजीयन के बगैर छोटे-छोटे भू-खण्डों का विक्रय करना पाया गया था।

### छात्राओं ने मिट्टी से गणेश निर्माण किया



**देवेन्द्रनगर।** शासकीय महाविद्यालय देवेंद्र नगर में मध्य प्रदेश शासन के निर्देशानुसार माटी गणेश-सिद्ध गणेश अभियान के तहत पर्यावरण संरक्षण एवं पर्यावरण के प्रति जन जागरूकता की दृष्टि से विद्यार्थियों के द्वारा मिट्टी से गणेश जी का निर्माण किया गया। इस अभियान में महाविद्यालय के कुमारी अर्चना रजक कुमारी अर्चना नामदेव कुमारी पुष्पांजलि द्विवेदी कुमारी हर्षिता सिंगरौल कुमारी मालती सिंगरौल कुमारी रीता सिंगरौल ने मिट्टी से गणेश प्रतिमा का निर्माण किया। इस कार्यक्रम के संयोजक डॉ दिनेश कुमार राय के द्वारा प्लास्टर ऑफ पेरिस के स्थान पर माटी से गणेश प्रतिमाओं के निर्माण का संदेश दिया तथा माटी के गणेश - सिद्ध गणेश के लाभों को विद्यार्थियों से साझा किया । महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य श्री सुखवेंद्र कुमार गौतम ने विद्यार्थियों से अपने घर के लिए स्थानीय कारीगरों से ही माटी की गणेश प्रतिमा खरीदकर भारत सरकार के लोकल फॉर वोकल एवं स्वदेशी अभियान को सफल बनाने का आह्वान किया। अभियान में सहभागिता करने वाले विद्यार्थियों एवं शिक्षकों के द्वारा डलहवअ पोर्टल पर शपथ लेकर माटी गणेश-सिद्ध गणेश प्रमाण पत्र लिया गया। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के डॉ अनिल कुमार श्रीवास्तव, डॉ लक्ष्मीकांत त्रिपाठी, डॉ पवन कुमार त्रिपाठी, डॉ अरुण कुमार सिंह , श्री सुधीर सिंह करपेती, इदरीश अहमद,श्री अवधेश बागरी, श्री रामकुमार कुशवाहा एवं श्री राम प्रसाद गोंड उपस्थित रहे।

### गौशालाओं के निर्माण करने वाली ग्राम पंचायतों की समीक्षा बैठक कल

**पन्ना।** महात्मा गांधी नरेगा अंतर्गत गौषालाओं का निर्माण करने वाली ग्राम पंचायतों की समीक्षा बैठक 29 अगस्त को दोपहर 12 बजे से जिला पंचायत सभागक्ष में आयोजित की गई है। इन ग्राम पंचायतों में जहां अजयगढ़ जनपद की 8 ग्राम पंचायत वहीं पन्ना की 7 व गुनौर की 12 तथा पवई की 11 व शाहनगर की 9 ग्राम पंचायतें शामिल है। जिला पंचायत सीईओ उमराव सिंह मरावी द्वारा सभी जनपद पंचायत के सीईओ को समीक्षा बैठक में खण्ड पंचायत अधिकारी व ग्राम पंचायत सरपंच एवं सचिव की उपस्थिति को सुनिष्चित करने के लिए निर्देष दिये गये है।

## लाड़ली बहनों पर विवादित बयान देने पर कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी का

# भाजपा महिला मोर्चा ने किया पुतला दहन

**प्रदेश की बहनों पर अपनी कुंठा निकाल रहे हैं जीतू पटवारी-श्रीमति शशि राजे परमार**

**भाजपा महिलाओं का सम्मान करती है कांग्रेस अपमान -मनीषा गोस्वामी**

भारतीय जनता पार्टी जिला संगठन एवं महिला मोर्चा द्वारा कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी के विवादित बयान के खिलाफ आक्रोश प्रकट करते हुए स्थानीय गांधी चौक चौराहे पर जीतू पटवारी का पुतला दहन किया गया

हरिभूमि न्यूज पन्ना।



इस दौरान उनके द्वारा दिए गए महिला विरोधी वक्तव्य के खिलाफ गुस्सा प्रकट करते हुए नारेबाजी की गई व उनसे माफी मांगने की मांग की गई। भाजपा महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष श्रीमति शशि राजे परमार ने कहा कि जब देश और प्रदेश में हरतालिका तीज का पर्व मनाया जा रहा था तब कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी ने महिला विरोधी बयान देकर उन बहनों को नीचा दिखाकर आक्रोशित किया है। आज के दिन तो महिलाएं पानी भी नहीं पीतीं और जीतू पटवारी कह रहे हैं कि वो सबसे ज्यादा शराब पीतीं हैं। यह हमारे पूरे प्रदेश की बहन-बेटियों का अपमान है। कांग्रेस नेता प्रदेश में लगातार हार का सामना कर रहे हैं, इसलिए बौखलाहट में गलत बयानबाजी करके सुर्खियां में बने रहना चाहते हैं। जीतू पटवारी हीनभावना से ग्रसित हैं और उन्हें कुछ सूझ नहीं रहा है। यह सिर्फ बहनों का नहीं, उनकी पहचान, संस्कार और पूरी परिवार व्यवस्था का अपमान है और पूरा प्रदेश अपमानित महसूस कर रहा है। इस अवसर पर जिला महामंत्री मनीषा गोस्वामी ने पटवारी का बयान बहुत ही शर्मनाक है। जब हरतालिका तीज पर बहने निर्जला उपवास करती हैं, ऐसे समय में इस तरह का बयान देना प्रदेश की बहनों का अपमान है। भाजपा महिलाओं का सम्मान करती है और उनके सशक्तीकरण के लिए लगातार प्रयास कर रही है, वहीं कांग्रेस उनका लगातार अपमान कर रही है। मध्यप्रदेश में भाजपा सरकार के कार्यक्रम कन्यापूजन से शुरू होते रहे हैं। जबकि कांग्रेस में महिलाओं को कभी तंदूर में जलाया जाता है, तो कभी आत्महत्या करने पर विवश कर दिया जाता है। महिला मोर्चा की प्रदेश मंत्री श्री मति आशा गुप्त ने कहा कि कांग्रेस और उसके अध्यक्ष जीतू पटवारी ने एक बार फिर अपना चाल, चरित्र और चेहरा उजागर कर दिया है। कांग्रेस की संस्कृति हमेशा से महिलाओं का अपमान करने की रही है। कांग्रेस की वरिष्ठ नेत्री सोनिया गांधी और प्रियंका गांधी स्वयं महिला हैं, क्या जीतू पटवारी के बयान से वह सहमत हैं। मध्यप्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जब तक महिलाओं से माफी नहीं मांगेंगे, उन्हें प्रदेश की बहनें कभी माफ नहीं करेंगी। मध्यप्रदेश की बहने अपना अपमान बर्दाश्त नहीं करेंगी और आने वाले समय में कांग्रेस पार्टी और उसके नेताओं को सबक सिखाने के लिए तैयार रहेगी। जीतू पटवारी अपने दिए हुए बयान के लिए तत्काल मांफी मांगे। कार्यक्रम की जानकारी देते हुए जिला मीडिया प्रभारी श्री दुर्गेश शिवहरे ने बताया कि इस दौरान विभिन्न भाजपा नेता व अनुसांगिक संगठन के नेताओं ने भी अपना आक्रोश वक्तव्य के द्वारा प्रकट किया पुतला दहन कार्यक्रम का संचालन महिला मोर्चा द्वारा किया गया इस अवसर पर बड़ी संख्या मे पार्टी पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि, मातृशक्ति एवं ज्येष्ठ श्रेष्ठ कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## जिले के विकास की दिशा किस तरह से बदल रही है यह आने वाले समय में स्वमेव पटल पर साबित होगा एक तरफ पन्ना जिले में पीपी मोड पर जहां मेडिकल कॉलेज बनने से पन्ना अलग ही जाना जायेगा



पन्ना।

किसी भी जिले के विकास को लेकर षिक्षा व स्वास्थ्य तथा आवागमन की सुविधाओं से ही प्रगति पथ को लेकर आसार तय होते है। पन्ना जिले में जहां लम्बे अर्से से मेडिकल कॉलेज की मांग जो चर्चा में थी वह सपने साकार होने को लेकर आसार तय हो चुके है। जनपद पंचायत जनवार के पास मेडिकल कॉलेज पीपी मोड पर बनाये जाने का लेकर जहां सरकार ने आगे आने वाले समय को लेकर पन्ना को सौगात दी है वहीं मेडिकल कॉलेज बनने से निष्चितौर पर जिले के विकास में स्वास्थ्य के साथ-साथ मेडिकल सुविधा वहीं षिक्षा दोनों के आसार तय होगें। यहां यह कहने में अतिष्योक्ति नहीं है कि विकास के क्रम में यह समय अपने आप में जो सपने को लेकर माना जा रहा था वह आने वाले दिनों में परिणाम के रूप में परिलक्षित होगें। चाहे मेडिकल कॉलेज के निर्माण होने के बाद हमारे जिले में भावी भविष्य का निर्माण जो अभी महानगरों की ओर मजबूर हालात को लेकर जाना जाता था वह पन्ना में ही सपने सकार होने को लेकर भावी समय सामने आयेगा। जहां हमारी युवा पीढ़ी मेडिकल की षिक्षा प्राप्त करने को लेकर सुखद अनुभव करेगें। साथ-साथ स्वास्थ्य की सुविधा को लेकर मेडिकल कॉलेज बनने से लोगों के लिए एक बड़ी सौगात जानी जायेगी। वहीं जिले के विकास में जनवार में मेडिकल कॉलेज बनने से निष्चितौर पर जहां विकास की दिषा ग्रामीण क्षेत्र से लेकर नगरीय क्षेत्र तक स्वमेव साबित होगी।

## परिवहन विभाग द्वारा वाहन रजिस्ट्रेशन के डेटाबेस में मोबाइल नम्बर अपडेशन के लिए अभियान

**विभाग के सारथी पोर्टल पर दी गई है लिंक**

पन्ना।

वाहन के पंजीयन और ड्राइविंग लाइसेंस प्राप्त करते वक्त आवेदक को अपना मोबाइल नम्बर दर्ज करना अनिवार्य होता है। कई बार वाहन स्वामी की जगह डीलर अपना मोबाइल नम्बर दर्ज करा देते हैं। वाहन स्वामी और डीलर द्वारा सही मोबाइल नम्बर दर्ज कराने के बाद संबंधित व्यक्ति द्वारा मोबाइल नम्बर कुछ वर्षों बाद परिवर्तित कर देने के कारण डेटाबेस में संबंधित व्यक्ति का मोबाइल नंबर अपडेट नहीं रह पाता है। मोबाइल नम्बर अपडेट करने के लिये इन दिनों परिवहन विभाग द्वारा विशेष अभियान संचालित किया जा रहा है। वाहन स्वामी अथवा डीलर नेशनल इंफोर्मेशन सेन्टर (एनआईसी) के वाहन सारथी पोर्टल पर जाकर स्वयं ही आसानी से मोबाइल नंबर अपडेट कर सकते हैं। वाहन सारथी पोर्टल पर आधार प्रमाणीकरण के माध्यम से मोबाइल नम्बर अपडेट करने की ऑनलाइन सुविधा उपलब्ध है। आधार में दर्ज आवेदक और उसके अभिभावक के नाम का वाहन पंजीयन और ड्रायविंग लायसेंस के डेटाबेस में दर्ज नाम से शत-प्रतिशत मिलान होने पर डेटाबेस में मोबाइल नम्बर तत्काल अपडेट हो जाता है। आधार पंजीयन और ड्राइविंग लायसेंस के डेटाबेस में दर्ज नाम में भिन्नता पाई जाती है, तो आवेदक को पोर्टल पर अपना कोई दूसरा परिचय पत्र जैसे आधार कार्ड, मतदाता परिचय पत्र और पासपोर्ट अपलोड करना पड़ता है। आरटीओ कार्यालय द्वारा दर्ज दस्तावेज और आधार से आवेदक और उसके अभिभावक के नाम का पंजीयन और ड्राइविंग लायसेंस में दर्ज नाम का सत्यापन किया जाता है। अप्रूवल के बाद मोबाइल नंबर डेटाबेस में अपडेट हो जाता है। अपडेड प्रक्रिया को विस्तृत रूप से स्क्रीन शॉट के माध्यम से समझाने के लिए मध्यप्रदेश परिवहन विभाग के पोर्टल के होमपेज पर लिंक उपलब्ध कराई गई है। वर्तमान में वाहन रजिस्ट्रेशन एवं ड्राइविंग लायसेंस संबंधी समस्त सेवाओं के लिये ऑनलाइन आवेदन लिये जा रहे हैं। डेटाबेस रजिस्टर्ड मोबाइल नंबर पर ओटीपी प्राप्त कर आवेदक को अपना सत्यापन कराना होता है। मोबाइल नंबर डेटाबेस पर उपलब्ध न होने पर कई बार आवेदक इन सेवाओं का लाभ नहीं ले पाते हैं। संबंधित वाहन के विरूद्ध अन्य प्रणालियों से चालान जारी होने पर डेटाबेस पर सही नंबर न होने के कारण कई बार वाहन स्वामियों को चालान के संबंध में जानकारी प्राप्त नहीं हो पाती है। चालान का भुगतान लंबित होने पर ऐसे व्यक्तियों को परिवहन विभाग की सेवाओं से वंचित रहना पड़ सकता है। न्यायालयीन कार्रवाई की जाने पर उन्हें कोर्ट से समन भी आ सकते हैं। इन कारणों से मोबाइल नंबर अपडेट होना आवश्यक है।

## जंगल में मिला मानव का अर्ध कंकाल, क्षेत्र में फैली सनसनी

**पुलिस को नहीं मिले शरीर के कई अवशेष जांच में जुटी अमानगंज पुलिस रामपुर जंगल का बताया जा रहा मामला**

अमानगंज।



पन्ना जिले के अमानगंज थाना क्षेत्र से एक सनसनी तेज वारदात सामने आई है जिसने पूरे क्षेत्र में सनसनी फैला दी है दरअसल रामपुर के जंगल में एक मानव का अर्थ कंकाल मिला है जिसके बाद पूरे क्षेत्र में सनसनी फैली हुई है और पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी है पुलिस एवं परिजनों को शक है कि यह कंकाल रामपुर ग्राम निवासी युवक रामेश्वर पिता कल्ला आदिवासी का हो सकता है जिसकी उम्र 22 वर्ष बताई गई है दरअसल रामेश्वर आदिवासी 16 अगस्त से लापता था परिजनों ने जगह-जगह युवक की तलाश की जब नहीं मिला तो 22 अगस्त को परिजनों ने पूरे मामले की सूचना अमानगंज पुलिस को दी जिस पर अमानगंज पुलिस ने गुमशुदगी कायम की थी बही 26 अगस्त को मंगलवार की शाम 4रू00 बजे रामपुर के जंगल में पेड़ के करीब मानव का अर्ध कंकाल मिला है पेड़ से गमछा लटका हुआ है बही शरीर के कुछ हिस्से पड़े हैं बाकी का हिस्सा गायब है पुलिस विभिन्न पहलुओं पर जांच कर रही है पुलिस ने मर्ग कायम कर लिया है और जांच अभी जा रही है जो चर्चा सामने निकल कर आ रही है उसमें यह बताया जा रहा है कि रामेश्वर पिता कल्ला आदिवासी 16 अगस्त को अपने जीजा की मोटरबाइक लेकर कहीं गया था और मोटरबाइक पेड़ से टकरा गई थी उसके बाद युवक मोटरबाइक को छोड़कर घर वालों के डर से भाग गया था लोगों का मानना है कि उक्त युवक द्वारा आत्महत्या कर ली गई है प्रथम दृष्टि में भी आत्महत्या प्रतीत हो रही है परिवार के किसी भी व्यक्ति ने हत्या की आशंका अभी तक नहीं जताई है हालांकि अभी यह स्पष्ट नहीं हुआ है कि युवक रामेश्वर ही है पुलिस डीएनए टेस्ट के माध्यम से युवक की स्नैपट्यूब करने में जुटी है मगर कंकाल मिलने के बाद क्षेत्र में सनसनी का माहौल है पुलिस की माने तो बताया जा रहा है कि अर्ध कंकाल मिलने की वजह है कि जानवरों द्वारा बाकी के हिस्से को नष्ट कर दिया है हालांकि अभी पूरा मामला भविष्य की गणित में है जिससे पर्दा उठना अभी बाकी है।

## विकास का आधार शिक्षा के साथ-साथ सड़कों को लेकर भी प्रमुख माना जाता है

पन्ना।



बारिश के दौरान कई ग्राम पंचायतों से ऐसी तस्वीर संकट के हालात को लेकर सुर्खियां बनी नदी नालों के चलते आवागमन जोखिम भरा देखा गया

ऐसे चिन्हित ग्रामों को जहां सड़कों व रिपटे तथा पुलों की ऊंचाई के साथ निर्माण को लेकर होगा गौर

आज भी जहां विकास को लेकर नगर हो या गांव षिक्षा के साथ-साथ सड़को को प्रमुख माना जाता है। इस वर्शाकाल के दौरान कई तस्वीर सुर्खियां बनी जहां कई ग्रामीण क्षेत्र की दास्तायें आज भी बारिष के चलते जान जोखिम के हालात को लेकर आवागमन को लेकर नजर आई है। बारिष होने के कारण आवागमन बाधित हो जाता है कहीं सड़क नहीं तो कहीं रिपटा नहीं तो कहीं पुल की जरूरत आखिर जीवन के क्रम में विकास की दिषा तय करने के लिए ग्राम पंचायतों को कार्य योजना ग्राम सभा में तैयार करते हुए जरूरत को ध्यान में रखते हुए ऐसे निर्माण कार्यों को प्रमुखता से लिया जाना चाहिएं जहां आवागमन को लेकर इस बारिष ने हमें दिषा दी है कि किस तरह से लोग मजबूर होते है। आवागमन को लेकर कहीं सड़क नहीं तो कहीं रिपटे की जरूरत तो कहीं पुल की जरूरत एक सर्वे करते हुए प्रषासन को चाहिए जहां जरूरत के ये कार्य पूरे किये जा सके। ताकि प्रमुख रूप से विकास के क्रम में सड़क का निर्माण तथा पुल-पुलियों की जरूरत को पूरा किया जा सके। इस बारिष ने हमें यह कई तरह से आने वाले समय को लेकर सचेत किया है किस तरह से लोग आज भी जान जोखिम में डालकर आवागमन के लिए मजबूर होते है बारिष के समय में आखिर ऐसी ग्राम पंचायतों का सर्वे करते हुए जो आवागमन में संकट को लेकर प्रबल मानी जाती है स्थिति खासकर बारिष के समय में जहां नदी-नाले उफान पर आते है। वहीं आवागमन ठप्प हो जाता है जिसके लिए सर्वे करते हुए विकास के क्रम में निर्माण कार्यों को प्राथमिकता के साथ कराया जाना लाजमी है। ताकि आने वाले समय में इस तरह की समस्या से निजात मिल सके वहीं विकास में प्रमुख में सड़क की जरूरत तथा पुल-पुलियों के निर्माण के साथ जो प्रमुख होती है तय की जा सके। क्योंकि षिक्षा के साथ-साथ सड़क ही आवागमन को ध्यान में रखते हुए विकास का प्रमुख आधार माना जाता है जिसे हम पूर्ण करने के लिए सब मिलकर प्रयास करने की दिषा तय करना होगा। ग्राम पंचायतों से लेकर जनपद पंचायतों व जिला पंचायत तथा हमारी जनप्रतिनिधियों तक यह जरूरत मांग के रूप में साबित करते हुए पूर्ण करने को लेकर प्रयास तय किये जायें ताकि आम जनता को इस समस्या से निजात मिल सके।

## महिलाओं को लेकर सशक्तिकरण आर्थिक रूप से क्या जरूरतमंद महिलाओं तक पहुंच पायेगा

पन्ना।



कई तस्वीर स्वयं ही बयां करती है किस तरह से आज भी महिलाओं को जिंदगी की दो वक्त की रोटी के लिए संघर्ष की दिषा तय करनी पड़ रही है सिर में गठ्ठा वहीं गोद में बच्चा लिये हुए कई किलोमीटर दूरी तर करके जिला मुख्यालय में लकड़ी का गठ्ठा बेंचकर परिवार के गुजारे को लेकर जानी जा रही दास्ता

आखिर शासन के द्वारा महिलाओं के लिए आर्थिक रूप से सषक्तिकरण की दिषा आत्मनिर्भर बनाने के लिए प्रयास तो किये जा रहे है आज भी जरूरतमंद महिलाओं तक ये योजनायें या तो पहुंच नहीं पा रही या फिर उनके क्रियान्वयन में वास्तविक रूप से जिन्हें जरूरी है उनके लिए आज भी दूरी है। आखिर कई तस्वीरें स्वयं ही हमें आज याद दिला रही किस तरह से महिलाओं को लेकर गरीबी के चलते परिवार का गुजारा करना पड़ता है ऐसी ही दास्ता पन्ना नगर में आये दिन नजर आ जाती है हालात महिलाओं को लेकर जहां सिर में लकड़ी का गठ्ठा वहीं गोद में बच्चे को लिये हुए कई किलोमीटर दूरी तय करते हुए जिला मुख्यालय में लकड़ी का गठ्ठा बेंचकर अपने परिवार के गुजारे के लिए राषि पाने के लिए यह कड़ी मेहनत करनी पड़ती है आखिरकार यह जमीनी हालात जो स्वयं ही आईना दिखा रहे है ऐसी जरूरतमंद महिलाओं के लिए आर्थिक रूप से सषक्तिकरण को ध्यान में रखते हुए योजनाओ के क्रियान्यवन को इन तक पहुंचाया जाये ताकि ऐसी महिलाओं को लाभ मिल सके योजनाओं का वहीं उनकी जिंदगी में बदलाव लाने के लिए जो सरकार की मंषा होती है हालात बदलने को लेकर वह साबित हो सके।

# कल बिजावर में युवा संगम रोजगार मेले का होगा आयोजन

**बिजावर विधायक के मुख्यातिथ्य में होगा संपन्न**

**आवेदकों को रोजगार में जोडने के साथ साथ किया जाएगा स्वास्थ्य परीक्षण**

**छतरपुर।** जिला प्रशासन छतरपुर के मार्गदर्शन में युवा संगम (रोजगार, स्वरोजगार एवं अप्रेंटिशिप मेला) का आयोजन जिला रोजगार कार्यालय, ग्रामीण आजीविका मिशन, शासकीय आईटीआई एवं उद्योग विभाग के सहयोग से 28 अगस्त 2025 गुरुवार को प्रातः 11 बजे से अटल कम्युनिटी हॉल, डाकखाना चौराहा के पास, जटाशंकर रोड, बिजावर में आयोजित किया जाएगा। यह रोजगार मेला बिजावर विधायक राजेश शुक्ला के मुख्य आतिथ्य में किया जा रहा है। इसमें विभिन्न कम्पनियां एलआईसी, एसबीआई लाइफ छतरपुर, टीएसपीएल पुणे, जी 4 एस सिक्योरिटी नोएडा, शिवशक्ति बायो टेक सागर, पुखराज हेल्थकेयर झांसी, इंटीग्रेटेड पर्सनेल सर्विस प्राइवेट लिमिटेड, एडवेंटेज प्राइवेट लिमि सागर, रिच पर्सन सिक्योरिटी प्रा लि सागर, माइंडलैब्स मीडिया प्रा लि, वर्धमान यार्न मंडीदीप, ग्रो इंडिया प्रा लि पुणे, अरविंद लि गांधीनगर, प्रथम फाउंडेशन जबलपुर, गोल्डन फॉर्मर ऑर्गेनिक एग्रीकल्चर प्रा लि सागर, मदरसन प्रा लि सानंद गुजरात, रैंडस्टैड इंडिया प्रा लि पीथमपुर धार जैसी प्रतिष्ठित कंपनियां साक्षात्कार के माध्यम से आकांक्षी युवाओं का चयन करेंगे। इसके अतिरिक्त इस मेले में स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा आवेदकों का सामान्य स्वास्थ्य परीक्षण, हीमोग्लोबिन, डायबिटीज, ब्लड प्रेशर, बीएमआई, नेत्र परीक्षण, नशा मुक्ति हेतु परामर्श ऑनलाइन आभा आई बनाना, रोग का निदान एवं दवाओं का निशुल्क वितरण किया जाएगा। इसमें 18 वर्ष से अधिक आयु के 8 वीं से स्नातक, आईटीआई, पॉलिटेक्निक उत्तीर्ण युवा इस रोजगार मेले में भाग लेने के लिए शैक्षणिक योग्यता के समस्त दस्तावेज, समग्र आईडी एवं दो फोटो लेकर निर्धारित स्थान पर प्रातः 10:30 बजे उपस्थित होकर रोजगार के अवसर का लाभ उठाएं। इसमें वेतनमान योग्यतानुसार 8000 से 25000 तक प्रतिमाह है।

## राजनगर रोजगार मेले में 155 हुए पंजीयन



**खजुराहो।** शासन के निर्देश पर जिला कलेक्टर पार्थ जैसवाल के मार्गदर्शन में जनपद पंचायत राजनगर के कार्यालय परिसर में दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल योजना के अंतर्गत रोजगार मेले का आयोजन संपन्न हुआ। आजीविका मिशन के राजनगर विकाश खंड समन्वयक पुष्पेन्द्र त्रिपाठी ने बताया कि रोजगार मेले में कुल 155 पंजीयन हुए थे जिसमें से 95 का चयन हुआ है,उक्त रोजगार मेले के आयोजन में राजनगर विधायक अरविन्द पटैरिया, जनपद अध्यक्ष प्रेमबाई कुशवाहा,जनपद राजनगर उपाध्यक्ष पुष्पेंद्र अवस्थी प्रमुख रूप से शामिल हुए,मेले में बड़ी संख्या में युवा और अन्य लोग शामिल हुए।

## बैकों में 5, 10 एवं 20 रूपये के सिक्के आमजन के लिए होंगे उपलब्ध

**दमोह।** कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर के निरंतर प्रयासों एवं उनके मार्गदर्शन से आरबीआई द्वारा काफ़ी लम्बे अंतराल के बाद 5, 10 एवं 20 रूपये के सिक्के दमोह चेस्ट भेजे गये है। एक दो दिन में इन सिक्कों को आमजन के लिए उपलब्ध होंगे। आरबीआई द्वारा नगदी के मामले मे भरोसा दिया गया है किसी भी प्रकार की नगदी की कमी जिले क़ो नहीं होने दी जायेगी। लीड बैंक अधिकारी हेमंत कुमार ने बताया एटीएम में भरने के लिए पर्याप्त नगदी उपलब्ध की जायेगी।

# नदया गांव में जमकर चलीं लाठियां: 9 घायल, 27 पर मुकदमा

**ठाकुर समाज के लोगों ने पाल परिवार पर किया हमला**

छतरपुर।

राजनगर थाना क्षेत्र के ग्राम नदया में मंगलवार की रात ठाकुर समाज और पाल समाज के बीच हुए विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। मामूली बातचीत से शुरू हुआ विवाद लाठी और कुल्हाड़ी के हमलों तक पहुंच गया। गांव के ठाकुर समाज के लोगों ने एकजुट होकर पाल समाज के लोगों पर हमला कर दिया। इस हमले में दोनों पक्षों के लगभग 9 लोग घायल हैं जिनमें से 8 को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उधर इस मामले में पाल समाज की रिपोर्ट पर ठाकुर समाज के 27 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज हुआ है। प्राप्त जानकारी के मुताबिक नदया गांव में रहने वाले हरीराम पाल और राज सिंह ठाकुर के बीच लंबे समय से विवाद चल रहा है। इसी रंजिश के चलते बीती रात दोनों पक्षों में हिंसक झड़प हुई। विवाद की शुरूआत तब हुई जब हरीराम पाल के भतीजे रामगोपाल पाल को रात करीब 9 बजे राज सिंह ठाकुर, भोलू राजा बुन्देला और शैलेन्द्र सिंह ने रास्ते में रोककर मारपीट कर दी। इसके बाद हरीराम पाल परिवार के लोग इस हमले का विरोध करने लगे तो करीब एक घंटे बाद राज सिंह ठाकुर के परिवार के 27 लोगों ने पाल परिवार पर हमला कर दिया। एफआईआर के मुताबिक हमलावरों में भोलू राजा बुन्देला, शैलेन्द्र, रविराजा, सत्यम, सतेन्द्र, शिवाजी राजा, राहुल, नीरेन्द्र, राजुल सिंह, ओमपाल सिंह, राघव सिंह, नीतेन्द्र सिंह, भूरेराजा, सुक्की राजा, सुम्मेर सिंह, लवप्रताप सिंह, उपेन्द्र सिंह, जेवेन्द्र सिंह, सुखसाब सिंह, दीपक सिंह, बब्बूराजा, हाकिम सिंह, राघवेन्द्र सिंह, त्रिलोक सिंह, राम सिंह, नत्थू सिंह के नाम शामिल हैं। इन सभी आरोपियों ने हरीराम पाल, हरीदास पाल, वृंदावन, जागेश्वर, बृजमोहन पाल को बुरी तरह पीटा जिसके बाद उन्हें जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उधर दूसरे पक्ष का कहना है कि पाल समाज के लोगों ने उनके साथ भी मारपीट की है जिसके कारण राज राजा, राजुल, शिवाजी और भोलू भी जख्मी हुए हैं। बहरहाल सभी घायल जिला अस्पताल के एक ही वार्ड में भर्ती हैं। उधर पुलिस ने हरीराम पाल की शिकायत पर 27 लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है।



# 40 वर्षीय युवक ने लगाई तालाब में छलांग, मौत



**छतरपुर।** छतरपुर के प्रताप सागर तालाब में बुधवार की दोपहर एक युवक की लाश उतराती हुई नजर आयी। स्थानीय लोगों की सूचना पर सिटी कोतवाली पुलिस ने मौके पर पहुंचकर लाश को बाहर निकलवाया। लाश के बाहर आने के बाद मृतक की पहचान 40 वर्षीय हेमंत गुप्ता के रूप में की गई। सरानी दरवाजा निवासी हेमंत गुप्ता के पड़ोसी अवधेश गोस्वामी ने बताया कि वह अपने परिवार से सिद्धेश्वर मंदिर जाने की बात कहकर सुबह 10 बजे घर से निकले थे और दोपहर 12 बजे उनके तालाब में डूबने की खबर मिली। मृतक के शरीर पर पूरे कपड़े मौजूद थे इससे अंदाजा लगाया जा रहा है कि युवक ने आत्महत्या की है। आखिर युवक ने क्यों आत्महत्या की इसका खुलासा अब तक नहीं हो पाया है। परिवार का कहना है कि हेमंत अपनी बीमारियों से परेशान थे जिसके चलते उन्होंने शायद यह कदम उठाया होगा।

# रेत माफियाओं ने खनिज अधिकारियों को धमकाकर ट्रेक्टर छीना, मुकदमा



**छतरपुर।** बुधवार की सुबह छतरपुर शहर के पन्ना नाका इलाके में अवैध रेत का परिवहन कर रहे कुछ लोगों पर जब खनिज विभाग की टीम ने दबिश दी तो इन लोगों ने खनिज विभाग की टीम पर ही हमला करते हुए अपना ट्रेक्टर छीन लिया और मौके से भाग गए। मामले में खनिज विभाग की टीम के द्वारा सिविल लाइन थाना पहुंचकर एफआईआर दर्ज कराई गई।

प्राप्त जानकारी के मुताबिक बुधवार को खनिज विभाग के अधिकारी निरीक्षक मुनेन्द्र सिंह, सहायक खनिज अधिकारी ज्ञानेश्वर तिवारी, खनिज निरीक्षक अशोक द्विवेदी, होमगार्ड सिपाही वीरेन्द्र सिंह चंदेल को सूचना मिली कि एक लाल रंग के ट्रेक्टर-ट्राली के माध्यम से रेत का अवैध परिवहन किया जा रहा है। खनिज विभाग की टीम ने जब इस ट्रेक्टर को बीच रास्ते में रोका तो गठेवरा निवासी उपेन्द्र यादव, विमलेश यादव, गजराज यादव और रानू यादव मौके पर पहुंच गए। इन्होंने पहले खनिज विभाग की टीम से बहस की और इसके बाद सड़क पर ही पूरे रेत पलटकर सिपाही को ट्रेक्टर से नीचे उतारा व ट्रेक्टर लेकर भाग गए। खनिज विभाग की टीम ने सिविल लाइन थाना पहुंचकर आरोपियों के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है। सिविल लाइन टीआई बाल्मीकी चौबे ने बताया कि आरोपियों पर धारा 296, 221, 121/1, 132, 5, 3/5 बीएनएस के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर लिया गया है। पुलिस आरोपियों की तलाश कर रही है।

# मकान मालकिन की हत्या करने वाला आरोपी गिरफ्तार

## आरोपी बोला- परिवार को बहका रखा था इसलिए मार दिया

छतरपुर।

छतरपुर जिला मुख्यालय पर 21 अगस्त को दिनदहाड़े विश्वनाथ कॉलोनी में अपनी मकान मालकिन को मौत के घाट उतारने वाला किराएदार हत्यारा आखिरकार पुलिस की पकड़ में आ गया है। पुलिस ने इस पर 20 हजार रूपए का इनाम घोषित किया था। पकड़े गए आरोपी ने बताया कि मकान मालकिन और उसके बेटे ने मेरे परिवार और मेरी बेटियों को बहका रखा था इसी गुस्से में मैंने उसे मार दिया।

गौरतलब है कि 21 अगस्त को दोपहर के समय विश्वनाथ कॉलोनी में किराए के मकान में रहने वाले महेश राय तनय रामदास राय बमनौराकला थाना बमनौरा के द्वारा अपनी ही मकान मालकिन सरमन पाठक को धारदार हथियार से मौत के घाट उतार दिया गया था। इस मामले में हमलावर ने मकान मालकिन की बेटी पर भी हमले किए थे और इसके बाद शराब के नशे में धुत महेश राय मौके से फरार हो गया था। जिला मुख्यालय पर हुई इस सनसनीखेज घटना के बाद कानून व्यवस्था पर सवाल उठ रहे थे जिसके बाद एसपी अगम जैन ने आरोपी की गिरफ्तारी के लिए विशेष टीमों का गठन कर गाजियाबाद, दिल्ली जैसे स्थानों पर दबिश दी। आरोपी की गिरफ्तारी के लिए साईबर टीमों की मदद ली गई और कई सीसीटीव्ही फुटेज खंगाले गए। आरोपी की गिरफ्तारी पर डीआईजी ललित शाक्यवार ने 20 हजार रूपए इनाम की घोषणा भी की थी। आखिरकार पुलिस टीम को बड़ी सफलता तब मिली जब आरोपी महेश राय को गिरफ्तार कर लिया गया। बुधवार को एडीशनल एसपी विदिता डागर, सीएसपी अरूण कुमार सोनी की मौजूदगी में मामले का खुलासा करते हुए इस बात की जानकारी दी गई। हालांकि पुलिस ने यह नहीं बताया कि आरोपी को कहां से पकड़ा गया है। उधर आरोपी ने मीडिया को दिए बयान में बताया कि मेरा परिवार 7 महीने से इसी घर में रह रहा था लेकिन मुझसे बात नहीं करता था। मेरी बेटियों को मकान मालकिन के बेटे बाबू पाठक ने बहका रखा था इसीलिए मैं बाबू पाठक की हत्या करने गया था लेकिन सरमन पाठक बीच में आ गईं जिसके कारण उनकी हत्या हो गई।






# अचानक हाईवे जाम कर सड़क पर होने लगा हंगामा

**प्रकाश बम्हौरी पुलिस से नाराज ग्रामीणों ने किया विरोध प्रदर्शन**

छतरपुर।

बुधवार की दोपहर जिले के प्रकाश बम्हौरी थाना क्षेत्र के बदौराकला से आए ग्रामीणों ने स्थानीय युवा नेताओं के साथ मिलकर शहर के मुख्य हाईवे पर चौबे तिराहे के समीप पुलिस का विरोध करते हुए जाम लगा दिया। ग्रामीण प्रकाश बम्हौरी थाना प्रभारी सुमित सुमन पर गंभीर आरोप लगाकर उन्हें हटाने की मांग कर रहे थे। ग्रामीणों का कहना था कि थाना प्रभारी ने पिछले रोज लेनदेन कर थाने में हरिजन एक्ट के तहत एक झूठी रिपोर्ट दर्ज कर दी। लगभग एक घंटे तक चले इस तमाशे के बाद पुलिस की समझाईश के बाद यह जाम खत्म हुआ। इस प्रदर्शन के कारण हाईवे पर सैकड़ों लोग काफी देर तक परेशान होते रहे।

पीड़ित शिवकुमारी यादव एवं उनके बेटे दिलीप यादव ने बताया कि बीती रात प्रकाश बम्हौरी थाने में सुरेश पाण्डा और अशोक अहिरवार के कहने पर थाना प्रभारी सुमित सुमन के द्वारा हिमांशु यादव के खिलाफ हरिजन एक्ट के अंतर्गत झूठा मुकदमा दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया गया। हिमांशु की मां शिवकुमारी यादव ने कहा कि जब वह अपने बेटे की फरियाद लेकर थाने पहुंची तो थाना प्रभारी ने उसके साथ भी मारपीट की। जब थाने में सुनवाई नहीं हुई तो पीड़ित परिवार छतरपुर आ गया। यहां भाजपा के युवा नेता विक्की यादव के नेतृत्व में इन लोगों ने सड़क पर मानव श्रृंखला बनाते हुए जाम लगा दिया। मौके पर पहुंचे सीएसपी अरूण सोनी, यातायात थाना प्रभारी बृहस्पति साकेत ने ग्रामीणों को समझाईश दी और उन्हें निष्पक्ष जांच का आश्वासन दिया तब जाकर यह जाम खत्म हो सका। इस तमाशे के कारण काफी देर तक आम जनता हाईवे पर लगे इस जाम में फंसी रही।



# भाई और भतीजों ने बुरी तरह पीटा

**छतरपुर। लवकुशनगर थाना क्षेत्र अंतर्गत एक जमीन को लेकर पारिवारिक विवाद में दो भाईयों के बीच लाठियां चल गईं। इस हमले में घायल बिहारीलाल पाठक को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।**



अस्पताल में भर्ती बिहारीलाल पाठक ने बताया कि उनके भाई गिरधारी पाठक उनकी जमीन पर कब्जा करना चाहते हैं इसी मंशा के साथ उन्होंने अपने दो बेटों भरतलाल और रामआसरे के साथ मिलकर बिहारीलाल पर हमला कर दिया। बिहारीलाल को जिला अस्पताल में गंभीर हालत में लाया गया जहां उनका उपचार चल रहा है। उधर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# नगर परिषद क्षेत्र राजनगर के सीवर निर्माण कार्य में फिर मिली गड़बड़ी

**नप अध्यक्ष जीतू वर्मा ने कार्य की गुणवत्ता पर सवाल उठाते हुए नाराजगी व्यक्त की**

**खजुराहो।** नगर परिषद राजनगर क्षेत्र में सीवर लाइन निर्माण कार्य में ठेकेदारों द्वारा की जा रही थी। गंभीर लापरवाही और अनियमितताओं में कोई सुधार नहीं हो रहा जिससे नगर परिषद अध्यक्ष जीतू वर्मा ने एक बार फिर से नाराजगी व्यक्त करते हुए बताया कि सीवर निर्माण कार्य में गुणवत्ता पर सवाल उठाए साथ ही बताया कि निर्माण के दौरान ठेकेदार द्वारा न तो निर्माण स्थल पर बेरीकेटिंग नहीं की जाती जिससे नागरिकों को परेशान होना पड़ता है। बेरीकेटिंग के अभाव में नव निर्माण से लोगों के दुपहिया, तीन पहिया तथा चार पहिया वाहन बेरोकटोक निकल जाते हैं साथ ही जानवर भी निकल जाते है जिससे सड़क में गड्ढे बन जाते हैं, जिससे नवनिर्मित सड़क भी खराब हो जाती है, साथ ही सड़क निर्माण में गुणवत्ता का भी ध्यान नहीं रखा जा रहा। उन्होंने बताया कि इसके पूर्व भी वह जिम्मेदारों से निर्माण कार्य में सुधार हेतु बार बार अनुरोध कर चुके हैं, सुधार न होने की स्थिति में जिले के वरिष्ठ अधिकारियों से दर्जनों बार पंचनामा बनवाकर लगातार शिकायतें की। उक्त मामले में ठोस कार्यवाही नहीं होने पर नगर परिषद अध्यक्ष जीतू वर्मा ने 28- 04-2025 को जिले में आयोजित जिला विकाश समन्वय एवं निगरानी समिति की बैठक में केंद्रीय मंत्री वीरेन्द्र कुमार से की थी जिसे केंद्रीय मंत्री ने गंभीरता से लेते हुए मौके पर ही कलेक्टर पार्थ जैसवाल को कार्यवाही हेतु निर्देशित किया था,जिस पर कलेक्टर पार्थ जैसवाल ने तीन सदस्यीय जांच दल गठित कर रिपोर्ट मांगी है। उक्त जांच दल ने दिनांक 07- 05- 2025 दिन सोमवार को दोपहर 2 बजे राजनगर पहुंचकर सीवर निर्माण कार्य की मौके पर जांच की। इस दौरान जांच दल में शामिल पीडब्ल्यू कार्यपालन यंत्री आर.के.शुक्ला तथा एसडीएम छतरपुर अखिल राठौर ने सीवर निर्माण कार्य में गंभीर लापरवाही और जानबूझकर की गई अनियमितताओं को देखकर मौके पर मौजूद निर्माण एजेंसियों के जिम्मेदारों को डपटते हुए जमकर फटकार लगाई। इस दौरान नप अध्यक्ष जीतू वर्मा ने नगरवासियों के माध्यम से जांच दल को समस्याओं से अवगत कराया, लोगों को जांच दल के सदस्यों ने कार्यवाही हेतु आश्वासन भी दिया। गौरतलब है कि नगर परिषद क्षेत्र राजनगर में शासन की योजना के तहत 32करोड़ 77 लाख रुपए की लागत से सीवर प्रोजेक्ट निर्माण कार्य किया जा रहा है। उक्त निर्माण कार्य 28-04 -2023 से शुरू होकर 28-06- 2026 को पूर्ण किया जाना निर्धारित है।



# गणेशोत्सव की धूम: श्रीमद्भागवत कथा का शुभारंभ भव्य कलश यात्रा के साथ

**27 अगस्त से प्रारंभ गजानन महोत्सव का शुभारंभ सप्त दिवसीय श्रीमद भागवत कथा**

**बकस्वाहा।** नगर में बड़े हर्षोल्लास के साथ गणेशोत्सव का भव्य आयोजन किया जा रहा है। 27 अगस्त से प्रारंभ गजानन महोत्सव का शुभारंभ सप्त दिवसीय श्रीमद भागवत कथा हेतु भव्य कलश यात्रा के साथ हुआ है। कार्यक्रम में श्री धाम वृन्दावन से पधारे प्रसिद्ध कथा व्यास धर्माचार्य पं. श्री राघवेंद्र महाराज सहित समस्त आचार्यों के नगर प्रवेश पर समिति के सदस्यों सहित नगरवासियों ने आत्मीय स्वागत उपरांत नगर में आस्था और उत्साह के सराबोर के साथ लोंगो के चेहरों पर अलग ही चमक देखने मिल रही है। बड़ा बाजार स्थित विशाल पंडाल में बकस्वाहा के राजा- श्री गणेश दादा सार्वजनिक गणेशोत्सव मंडल द्वारा लाल बाग के राजा की 10 फीट लंबी भव्य प्रतिमा विराजमान की गई है। यह प्रतिमा लालबाग के राजा की तर्ज पर तैयार की गई है, जो श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र बनी हुई है।



### कलश यात्रा बनी नगर का मुख्य आकर्षण

श्रीमद भागवत कथा से पूर्व निकली भव्य कलश यात्रा में नगरवासियों ने भारी संख्या में भाग लिया। कलश यात्रा का शुभारंभ बड़े बाजार कथा स्थल से हुआ। यात्रा बस स्टैंड, देवरी तिराहा, जनकपुर मोहल्ला, थाना तिराहा, बांके बिहारी मंदिर और राम-जानकी मंदिर से होती हुई पुनः कथा स्थल पर संपन्न हुई।

देवरी तिराहा पर परंपरा अनुसार मीठा पुराने बैर से कलशों में जल भरने का अनुष्ठान किया गया है यात्रा के दौरान ढोल-ढमाकों और डमरू दल की थाप ने लोगों का मन मोह लिया। महिलाएं, बच्चे, युवा, बुजुर्ग सभी उत्साहपूर्वक शामिल हुए, नगर की मुख्य सड़कों पर धार्मिक माहौल और भक्ति का सागर उमड़ पड़ा।

### धार्मिक-सांस्कृतिक कार्यक्रमों की श्रृंखला -

गणेशोत्सव मंडल द्वारा इस अवसर पर धार्मिक और सांस्कृतिक कार्यक्रमों की समृद्ध झलक देखने को मिलेगी। समिति द्वारा तय कार्यक्रम अनुसार दिनांक 27 अगस्त - श्रीमद भागवत कथा का शुभारंभ एवं कलश यात्रा, 28-29 अगस्त - गरबा-डांडिया महोत्सव, 31 अगस्त - दही हांडी उत्सव, 1 सितम्बर - कृष्ण-रुक्मिणी विवाह उत्सव, 3 सितम्बर - भोलेनाथ की बारात, 4-5 सितम्बर - भक्तमाल कथा, 6 सितम्बर हवन-पूजन, गौदान एवं गणेश विसर्जन शामिल है।

### आकर्षण का केंद्र बना पंडाल -

गणेशोत्सव मंडल द्वारा तैयार किया गया विशाल पंडाल नगरवासियों के आकर्षण का केंद्र बना है। पंडाल की विद्युत सज्जा, रोशनी और रंग-बिरंगी झिलमिलाती लाइटें लोगों को रात्रि में आकर्षित कर रही हैं। सांस्कृतिक कार्यक्रमों और धार्मिक अनुष्ठानों की श्रृंखला ने पूरे नगर का वातावरण भक्ति और आनंदमय बना दिया है।

### उत्साह और उल्लास का माहौल -

नगर में गणेशोत्सव को लेकर अभूतपूर्व उत्साह देखने को मिल रहा है पंडाल में श्रद्धालु सुबह - शाम गणपति बप्पा के दर्शनों हेतु पहुंच रहे हैं बच्चे झांकियों का आनंद ले रहे हैं, वहीं महिलाएं पारंपरिक वेशभूषा में धार्मिक कार्यक्रमों में सक्रिय भागीदारी निभा रही हैं।

## श्री गणेश महापुराण कथा ज्ञानयज्ञ का आयोजन आज से



**छतरपुर।** शहर के सागर रोड स्थित सिद्धक्षेत्र श्री श्री 1008 श्री गणेश मंदिर में गणेशोत्सव के दौरान श्री गणेश महापुराण कथा का आयोजन किया जा रहा है। 28 अगस्त से 4 सितंबर तक चलने वाले महोत्सव की शुरुआत गुरुवार को कलश यात्रा से होगी। बुंदेलखंड क्षेत्र में आयोजित प्रथम गणेश महापुराण का वाचन चित्रकूटधाम से पधारे पंडित धर्मेंद्र अवस्थी के मुखारविंद से होगी।

महागणेश मंदिर के महंत धीरेंद्र विश्वकर्मा ने बताया कि बुंदेलखंड क्षेत्र में प्रथमबार श्री गणेश महापुराण कथा ज्ञानयज्ञ की शुरुआत 28 अगस्त को सुबह 11 बजे कलशयात्रा से होगी। 4 सितंबर तक चलने वाली कथा ज्ञानयज्ञ में चित्रकूट से पधारे पंडित धर्मेंद्र अवस्थी भगवान गणेश की विभिन्न लीलाओं पर प्रकाश डालेंगे साथ ही प्रतिदिन भजन आरती और प्रसाद वितरण किया जाएगा। 4 सितंबर को हवन पूर्णाहुति महाआरती के साथ कथा का समापन होगा। इस अवसर पर भंडारे का आयोजन किया जायेगा। उन्होंने शहर के धर्मप्रेमी बंधुओं से प्रतिदिन दोपहर 3 बजे से 6 बजे तक आयोजित होने वाले गणेश महापुराण कथा ज्ञानयज्ञ में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर पुण्यलाभ उठाने की अपील की है।

# जहरीले कीड़े के काटने से युवक की हुई मौत

**छतरपुर।** ईशानगर थाना क्षेत्र के कुर्रा गांव में बुधवार को एक युवक को किसी जहरीले कीड़े के काटने से युवक की मौत का मामला सामने आया है। आनन फानन में परिजन युवक को ईशानगर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाए जहां पर डॉक्टर ने उसे मृत घोषित दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार कुर्रा गांव के हरि असाटी उम्र 30 वर्ष बुधवार को गांव के खेत पर काम कर रहे थे। उसी दौरान उन्हें किसी जहरीले कीड़े ने काट लिया। जिसकी सूचना परिजन को लगी आनन फानन में परिजन ईशानगर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर आए जहां पर डॉक्टर ने युवक को मृत घोषित किया।

## खबर संक्षेप

### सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों के निराकरण के लिए शिविर 28 और 29 अगस्त को

**रीवा।** जिले में सीएम हेल्पलाइन में लंबित प्रकरणों के निराकरण के लिए 28 और 29 अगस्त को जिला स्तर पर शिविर लगाये जा रहे हैं। इस संबंध में कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने कहा है कि सभी अधिकारी दो दिवसीय शिविर में प्रकरणों का निराकरण सुनिश्चित करें। इन शिविरों में विकासखंड स्तर के अधिकारियों की उपस्थिति सुनिश्चित करें। सीएम हेल्पलाइन में बड़ी संख्या में प्रकरण लंबित रहने के कारण विभागों और जिले की ग्रेडिंग में गिरावट आती है। प्रकरणों के संबंध में आवेदकों से स्वयं बात करके संतुष्टि पूर्वक प्रकरणों का निराकरण करें। कोई भी प्रकरण लेबल एक से बिना किसी कार्रवाई के लेवल 2 में न जाए। मांग आधारित आवेदनों को बंद करायें। प्रकरणों में तथ्य पूर्ण प्रतिवेदन दर्ज करके लेवल 3 और लेबल 4 में लंबित प्रकरणों का भी निराकरण करें। सभी अधिकारी शिविरों में निराकृत प्रकरणों का प्रतिवेदन अनिवार्य रूप से प्रस्तुत करें।

### सड़क पर उतरी जवा पुलिस चलाया सफाई एवं जनजागरूकता अभियान, ट्रैफिक नियमों का कराया पालन, अपराधों की रोकथाम में मांगा सहयोग



**रीवा।** जिले जवा थाना पुलिस ने मंगलवार को नगर में स्वच्छता और यातायात नियमों को लेकर विशेष अभियान चलाया। थाना प्रभारी कमलेश साहू के नेतृत्व में पुलिस बल ने स्थानीय व्यापारियों और नागरिकों के साथ मिलकर सफाई अभियान में हिस्सा लिया और नागरिकों को ट्रैफिक नियमों के प्रति जागरूक किया। इस अवसर पर थाना प्रभारी साहू ने कहा कि पुलिस केवल कानून व्यवस्था बनाए रखने तक सीमित नहीं है, बल्कि समाज में जागरूकता फैलाना भी उसकी जिम्मेदारी है। उन्होंने स्थानीय नागरिकों से अपील की कि वे नगर की स्वच्छता बनाए रखने में सक्रिय भागीदारी निभाएं। साफ-सफाई केवल नगर पंचायत की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि हर नागरिक का नैतिक कर्तव्य है। थाना प्रभारी ने यह भी स्पष्ट किया कि अब सार्वजनिक स्थानों पर गंदगी फैलाने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। साथ ही उन्होंने लोगों से यातायात नियमों का पालन करने और दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करने की अपील की।अभियान के दौरान थाना प्रभारी ने क्षेत्र में बढ़ते अपराधों को लेकर भी चिंता जताई और आमजन से सहयोग मांगा। उन्होंने कहा कि समाज में व्याप्त अवैध गतिविधियों, विशेष रूप से नशीले पदार्थों की तस्करी, पर अंकुश लगाने के लिए नागरिकों का सहयोग आवश्यक है। उन्होंने बताया कि अवैध कफ सिरप एवं अन्य नशीले पदार्थों का व्यापार समाज के लिए घातक है और इससे युवाओं का भविष्य अंधकारमय हो रहा है। ऐसी गतिविधियों में संलिप्त व्यक्तियों की जानकारी देने वाले का नाम गोपनीय रखा जाएगा।

### कमिश्नर आज करेंगे महिला एवं बाल विकास विभाग की समीक्षा

**रीवा।** कमिश्नर बीएस जामोद 28 अगस्त को महिला एवं बाल विकास विभाग की योजनाओं की समीक्षा करेंगे। संभागीय समीक्षा बैठक कमिश्नर कार्यालय सभागार में सुबह 11 बजे से आरंभ होगी। बैठक में आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं एवं सहायिकाओं की भर्ती, पोषण ट्रैकर ऐप के संचालन, टीएचआर के वितरण, मुख्यमंत्री बाल आरोग्य संवर्धन योजना से कम पोषित बच्चों के पोषण की समीक्षा की जाएगी। बैठक में लाड़ली लक्ष्मी योजना से छात्रवृत्ति वितरण, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना तथा सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों के निराकरण की समीक्षा की जाएगी। बैठक में संयुक्त संचालक, सभी जिलों के जिला कार्यक्रम अधिकारी तथा परियोजना अधिकारियों को उपस्थित रहने के निर्देश दिए गए हैं।

### सहकारी समितियों और निजी विक्रेताओं द्वारा किया जा रहा खाद का वितरणराजस्व और कृषि विभाग के अधिकारियों की निगरानी में बांटी जा रही खाद

**रीवा।** जिले भर में सहकारी समितियों और निजी विक्रेताओं द्वारा खाद का लगातार वितरण किया जा रहा है। इस संबंध में अपर कलेक्टर श्रीमती सपना त्रिपाठी ने बताया कि जिले को खाद की रैक लगातार प्राप्त हो रही है। निजी विक्रेताओं और सहकारी समितियों को आवंटित खाद राजस्व अधिकारियों तथा कृषि विभाग के अधिकारियों की निगरानी में वितरित की जा रही है। खाद का लगातार वितरण जारी रहेगा। किसान अपनी एक सप्ताह की आवश्यकता के अनुसार खाद का उठाव करें।

# रीवा में वायरल बीमारियों का कहर, अस्पतालों में मरीजों की भारी भीड़

**ओपीडी में टूट रहे रिकॉर्ड सर्दी-जुकाम और बुखार के रोगियों की भरमार, हर मोहल्ले में बढ़ रही बीमारों की तादाद**



**रीवा।** रीवा शहर और आसपास के क्षेत्रों में इन दिनों मौसम का बदलता मिजाज लोगों की सेहत पर भारी पड़ रहा है। तापमान में उतार-चढ़ाव और बढ़ती नमी ने वायरल संक्रमणों को पनपने का अवसर दे दिया है। परिणामस्वरूप जिले के सरकारी अस्पतालों से लेकर निजी क्लीनिकों तक मरीजों की भीड़ उमड़ पड़ी है। हालात ऐसे हैं कि मेडिकल कॉलेज के अस्पतालों में ओपीडी के पुराने रिकॉर्ड टूटते नजर आ रहे हैं वर्तमान में शहर के अधिकांश मोहल्लों और ग्रामीण अंचलों से बुखार, सर्दी-जुकाम, खांसी, बदन दर्द और दस्त की शिकायतों के साथ मरीज अस्पताल पहुंच रहे हैं।





चिकित्सकों के अनुसार यह स्थिति मौसमी वायरल का संकेत है, जो खासतौर पर बच्चों और बुजुर्गों को अपनी चपेट में ले रहा है। साथ ही, पानी से फैलने वाले रोग जैसे डायरिया और टाइफाइड के मामलों में भी इजाफा देखा गया है। संजय गांधी स्मृति चिकित्सालय के मेडिसिन विभाग में आमतौर पर जहां प्रतिदिन 400 से 500 मरीज देखे जाते थे, वहीं पिछले एक सप्ताह में यह संख्या 800 के पार पहुंच गई है। आंकड़ों के मुताबिक, बीते सात दिनों में केवल मेडिसिन विभाग में ही करीब 5 हजार मरीजों ने परामर्श लिया है। यह स्थिति सामान्य जन स्वास्थ्य के लिए चिंताजनक है। बॉक्स मेडिकल कॉलेज के तीनो अस्पतालों में मरीजों का तांता 18 अगस्त से लेकर 25 अगस्त के बीच, संजय गांधी अस्पताल, सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल और गांधी स्मृति चिकित्सालय की ओपीडी में 20 हजार से अधिक मरीजों ने इलाज के लिए दस्तक दी। जिसमें कुछ मरीजों की हालत गंभीर पाई गई, जिन्हें अस्पताल में भर्ती करना पड़ा। बॉक्स मलेरिया और डेंगू जैसी बीमारियां का भी खतरा जिला स्वास्थ्य विभाग के अनुसार, वायरल बुखार के साथ-साथ मलेरिया और डेंगू के प्रारंभिक लक्षण वाले मरीजों की संख्या में भी इजाफा हुआ है। कुछ मामलों में खून की जांच में प्लेटलेट्स की कमी और शरीर पर चकत्ते दिखाई दिए हैं, जो डेंगू के संभावित संकेत हैं। इसके अलावा, जलजनित संक्रमण जैसे हेपेटाइटिस-ए और गैस्ट्रोएन्टेराइटिस के भी केस सामने आ रहे हैं।बॉक्स बच्चों और हृदय रोगियों की संख्या में भी इजाफापिछले सप्ताह पीडियाट्रिक (बाल रोग) विभाग और कार्डियोलॉजी विभाग की ओपीडी में भी सामान्य से अधिक मरीज देखे गए। बच्चों में बुखार और उल्टी-दस्त के लक्षण अधिक देखे जा रहे हैं, जबकि हृदय रोगियों को मौसम के दबाव के कारण अस्पताल में भर्ती होना पड़ रहा है।बॉक्स क्यों हो रहा वायरल इंफेक्शनडॉक्टरों ने बताया कि एक सप्ताह से वायरल इंफेक्शन का सीजन चल रहा है। क्योंकि हवा में नमीं की वजह से यह स्थितियां निर्मित हो रही है। इन दिनों मौसम में वायरल ज्यादा समय तक जिन्दा रहता है। जिसके कारण ज्यादातर लोग प्रभावित हो रहे हैं। वायरल इंफेक्शन का असर एक सप्ताह तक रह सकता है। शरीर में दर्द, सिर दर्द, बुखार, सर्दी-जुकाम और खांसी भी हो सकती है। इसमें मरीजों को दवाएं के साथ आराम करने की सलाह दी जाती है।बॉक्स चिकित्सकों की सलाह, लक्षणों को नजरअंदाज न करेंस्वास्थ्य विशेषज्ञों का कहना है कि बुखार, कमजोरी, लगातार थकान, खांसी या दस्त जैसे लक्षण दिखाई देने पर तुरंत डॉक्टर से संपर्क करें। साथ ही, उबालकर पानी पीने, खुले खाद्य पदार्थों से परहेज करने और व्यक्तिगत स्वच्छता बनाए रखने की सलाह दी जा रही है।

## माह-तीजा पर स्नान करने गईं मां-बेटी क्योटी जलप्रपात में बहीं, दोनों लापता

### सिरमौर थाना क्षेत्र की घटना, महाना नदी में हुआ हादसा

रीवा।



जिले के सिरमौर थाना क्षेत्र अंतर्गत महाना नदी में मंगलवार की शाम नहाने के लिए गई मॉ-बेटी हादसे का शिकार हो गई। बेटी का पैर अचानक फिसल गया जिसे बचाने के लिए मॉ आगे आई और वह भी पानी के तेज बहाव में बह गई। बताया जा रहा है कि दोनों क्योटी जलप्रपात में समा गई। दुलहरा गांव के सोंधिया परिवार की मॉ-बेटी शाम करीब 4 बजे नहाने गई थी जहां वो हादसे का शिकार हो गई। घटना की सूचना के बाद सिरमौर पुलिस मौके पर पहुंची जिसके बाद एसडीआरएफ टीम को भी सूचना दी गई। रेस्क्यू शुरू किया गया लेकिन अंधेरा होने के कारण मॉ-बेटी का पता नहीं लग सका था। बुधवार की सुबह एसडीआरएफ की टीम फिर सर्चिंग के लिए जलप्रपात में उतरेगी। मिली जानकारी के मुताबिक क्योटी जलप्रपात के समीप स्थित ग्राम पंचायत दुलहरा कि दो महिलाए जो रिश्ते में मॉ-बेटी है, तीजा त्योहार के अवसर पर शाम 4 बजे महाना नदी में स्नान करने गई हुई थी, इसी बीच नदी में नहाते समय बेटी का पैर फिसला और वह तेज बहाव में बहने लगी जिसे बचाने के चक्कर मे उसकी मॉ भी तेज बहाव में बह गई। बताया जा रहा है कि दोनो200 फिट नीचे कूडा में जा समाई। सूचना के बाद पुलिस तत्काल ही मौके पर पहुंची थी जिसने उनकी तलाश शुरू की लेकिन अंधेरा होने तक महिलाओं का पता नहीं लग सका था। आज सुबह फिर महिलाओं की तलाश के लिए एसडीआरएफ की टीम रेस्क्यू करेगी। बॉक्स महाना नदी पर स्थित है जलप्रपातक्योंटी जलप्रपात महाना नदी पर स्थित है। बारिश के मौसम में इसमें पानी का स्तर काफी ज्यादा बढ़ जाता है। इसका एक भाग गढ़ और दूसरा सिरमौर थाना क्षेत्र में आता है। यहां पर यूपी से बड़ी संख्या में पर्यटक घूमने के लिए आते हैं और असुरक्षित तरीके से जलप्रपात में नहाते हैं। बारिश के मौसम में यह जलप्रपात काफी ज्यादा खतरनाक हो जाता है।

## नदी में मछली पड़कने युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत, परिजनों ने जताई हत्या की आशंका



**रीवा।** शहर के सिविल लाइन थाना क्षेत्र में बीहर नदी में मछली पकड़ने गए एक युवक की संदिग्ध हालात में मौत हो गई। मृतक की पहचान 25 वर्षीय लकी सोंधिया, निवासी शिव नगर वार्ड क्रमांक 10 के रूप में हुई है। परिजनों ने इस घटना को लेकर गहरी आशंका जताई है और युवक की हत्या की आशंका जताते हुए पुलिस से निष्पक्ष जांच की मांग की है। पोस्टमार्टम के बाद पुलिस ने शव परिजनों को सौंप दिया है। पुलिस का कहना है कि फिलहाल मामले की जांच की जा रही है और पीएम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों की पुष्टि हो सकेगी। परिजनों के मुताबिक, लकी सोमवार शाम अपने कुछ साथियों के साथ बीहर नदी के किनारे मछली पकड़ने गया था। देर रात तक घर न लौटने पर जब परिजन उसे तलाशते हुए नदी किनारे पहुंचे, तो वहां लकी के साथी नदारद मिले। हालांकि, घटनास्थल पर मौजूद एक युवक ने जानकारी दी कि लकी नदी में डूब गया है।परिजन जब नदी में उतरे, तो उन्हें लकी अचेत अवस्था में मिला, लेकिन उस समय उसकी सांसें चल रही थीं। तुरंत उसे अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक के परिवार ने इस पूरे घटनाक्रम को महज हादसा मानने से इनकार किया है। उनका आरोप है कि लकी को जान से मारने की धमकी पहले ही एक युवक द्वारा दी जा चुकी थी। परिजनों का दावा है कि वही युवक उसे मछली पकड़ने के बहाने मौके पर बुलाकर ले गया था। इससे हत्या की आशंका और भी गहरा गई है। सिविल लाइन थाना पुलिस ने परिजनों के बयान दर्ज कर लिए हैं और मामले की जांच शुरू कर दी गई है।

## बाइक चोर गैंग का पर्दाफाश, नशीली कफ सिरप के साथ पकड़ा गया युवक निकला शातिर चोर, चार बाइक बरामद



**रीवा।** जिले के मनगवां थाना पुलिस ने बाइक चोरी की वारदात में शामिल दो आरोपी गिरफ्तार किया है। बता दे मनगवां थाना प्रभारी के तौर पर जब से निरीक्षक गजेन्द्र सिंह धाकड़ ने थाने की कमान संभाली है तब से थाना क्षेत्र में अपराधियों में हलचल मची हुई है। पुलिस ने पकड़े गए आरोपियों के पास से पुलिस ने चोरी की चार बाइक बरामद की है। प्रकरण में शामिल अन्य फरार आरोपियों की तलाश पुलिस द्वारा की जा रही है। मनगवां पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक मनगवां थाना में अलग-अलग तीन प्रकरणों में दर्ज बाइक चोरी के मामले में दो आरोपी पकड़े गए है। पुलिस के मुताबिक नशीली कफ सिरप के साथ एक आरोपी पकड़ा गया था। जिसके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई की गई थी। पकड़े गए आरोपी से पुलिस ने बाइक चोरी के संबंध में पूछतांछ की तो उसने तीन बाइक चोरी के प्रकरणों का खुलासा कर दिया साथ ही बाइक चोरी में शामिल अपने अन्य साथियों का नाम भी उगला। पुलिस ने आरोपी आकाश अग्रिहोत्री पुत्र स्व.दीपेंद्रमणि अग्रिहोत्री निवासी दुअरा व सचिन मिश्रा उर्फ यादेश्वर पिता जगजीवन प्रसाद मिश्रा के कब्जे से चोरी की चार बाइक बरामद की है। पकड़े गए आरोपियों को पुलिस ने न्यायालय में पेश किया जहां से उन्हे जेल भेजा गया है।बाक्सये बाइक बरामदपुलिस ने पकड़े गए आरोपियों के कब्जे से एक बिना नंबर की बाइक के साथ कुल चार बाइक बरामद की है। बाइक क्रमांक एमएच12 क्यूयू 9190, हीरो डीलक्स एम.पी. 17 एन.ए. 6139 व बाइक क्रमांक एमपी 17 जेडएन 3365 को जब्त कर कार्रवाई की है। बताया गया कि आरोपियों ने पुलिस के सामने अन्य साथियों के नाम उगले है, जिनकी तलाश अब पुलिस सरगर्मी से कर रही है।

## कॉलेजों में हो रही राजनैतिक गतिविधियां, एनएसयूआई करेगा आंदोलन



**रीवा।** एनएसयूआई जिला अध्यक्ष पंकज उपाध्याय ने एक प्रेसवार्ता में विश्वविद्यालय और महाविद्यालयों में शिक्षा के बजाय राजनीतिक गतिविधियों के बढ़ते प्रभाव पर गंभीर सवाल उठाए हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि कई शिक्षक और प्राचार्य सत्तारूढ़ दल के संगठनों के सक्रिय सदस्य के रूप में कार्य कर रहे हैं, जो कि शिक्षा व्यवस्था के लिए घातक है। उपाध्याय ने कहा कि ए.जी. कॉलेज रीवा के असिस्टेंट प्रोफेसर रघुराज किशोर एक ओर जहां अध्यापन कार्य में हैं, वहीं दूसरी ओर वे भारतीय जनता पार्टी के आनुषंगिक संगठन एबीवीपी के महाकौशल प्रांत के प्रमुख पद पर भी कार्यरत हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि रघुराज किशोर द्वारा संगठन को कॉलेज स्तर पर सुविधाएं व आर्थिक संसाधन उपलब्ध कराए जा रहे हैं और नियुक्तियों में भी उनका हस्तक्षेप है। दूसरे मामले में उपाध्याय ने विश्वविद्यालय के कुलपति द्वारा एबीवीपी के एक कार्यक्रम हेतु जारी आदेश पत्र को लेकर आपत्ति जताई। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम में छात्रों व शिक्षकों की अनिवार्य उपस्थिति का आदेश लोकतांत्रिक मूल्यों के खिलाफ है और यह कुलपति की निष्पक्षता पर सवाल उठाता है। प्रेस वार्ता में उन्होंने विश्वविद्यालय के प्राध्यापक सुनील पांडे पर भी आरोप लगाया कि वे एबीवीपी के प्रांत अध्यक्ष होने के नाते संगठन के प्रचार-प्रसार में सक्रिय हैं, मंच साझा करते हैं और संगठनात्मक बैठकों में भाग लेते हैं। ऐसे शिक्षकों को राजनीति में जाना चाहिए, न कि शिक्षक पद पर बने रहना चाहिए। इसी तरह इंदौर में आयोजित राज्य स्तरीय कूडो प्रतियोगिता में एबीवीपी के बैनर का उपयोग और विश्वविद्यालय के खेल विभाग के सहयोग की भी उन्होंने आलोचना की। उन्होंने कहा कि शिक्षक यदि किसी संगठन के पद पर कार्यरत हैं तो यह सेवा नियमों का उल्लंघन है। उपाध्याय ने बताया कि एनएसयूआई इन मामलों को लेकर प्रदेशव्यापी अभियान चलाएगी और संबंधित शिक्षकों को बीजेपी सदस्य के रूप में प्रतीकात्मक नेम प्लेट भेंट कर, उनसे अपील करेगी कि वे खुले तौर पर राजनीतिक कार्य करें और छात्रों के मुद्दों से खुद को अलग करें। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर यह पक्षपातपूर्ण रवैया बंद नहीं हुआ तो एनएसयूआई आंदोलन के लिए बाध्य होगी, जिसकी पूरी जिम्मेदारी विश्वविद्यालय प्रशासन की होगी।

## रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों का प्रशिक्षण आज

रीवा

राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार जिले में पंचायत राज संस्थाओं तथा नगरीय निकाय के लिए फोटो युक्त मतदाता सूचियों का संक्षिप्त पुनरीक्षण किया जा रहा है। इसके लिए रजिस्ट्रीकरण अधिकारी और सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी तैनात कर दिए गए हैं । इनका प्रशिक्षण 28 अगस्त को दोपहर 2:00 बजे से कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित किया गया है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती प्रतिभा पाल ने सभी रजिस्ट्रीकरण और सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों को प्रशिक्षण में अनिवार्य रूप से उपस्थित रहने के निर्देश दिए हैं।

# राजस्व अधिकारियों के बीच मऊगंज कलेक्टर ने कार्य का किया विभाजन



**मऊगंज।** कलेक्टर संजय कुमार जैन ने राजस्व अधिकारियों की पदस्थापना के बाद नए सिरे से कार्य विभाजन किया है। इस संबंध में जारी आदेश के अनुसार संयुक्त कलेक्टर राजेश कुमार मेहता को मऊगंज तथा डिप्टी कलेक्टर श्रीमती रश्मि चतुर्वेदी को हनुमना का एसडीएम बनाया गया है। जिला पंचायत के मुख्य कार्य अधिकारी एवं अपर कलेक्टर विकास मेहताब सिंह गुर्जर को जिला पंचायत के दायित्व के साथ-साथ समग्र शिक्षा अभियान नोडल अधिकारी स्वीप, विकास शाखा, दीनदयाल अंत्योदय मिशन, कन्यादान योजना, जल ग्रहण मिशन, रोजगार गारंटी योजना, स्वच्छ भारत मिशन तथा जिले में आयोजित होने वाले लोक कल्याण शिविरों के आयोजन की जिम्मेदारी दी गई है। अपर कलेक्टर एवं अपर जिला दंडाधिकारी प्रमोद कुमार पांडेय को अपील प्रकरणों की सुनवाई, खाद्य सुरक्षा योजना से जुड़े प्रकरणों की सुनवाई लोक सेवा गारंटी अधिनियम के प्रकरणों की सुनवाई की जिम्मेदारी दी गई है ।

अपर कलेक्टर को नजूल लीज के नवीनीकरण मतदाता सूची से संबंधित अपील प्रकरण, महिला एवं बाल विकास विभाग में नियुक्ति से संबंधित अपील प्रकरण, शोध क्षमता प्रमाण पत्र जारी करने, धारणाधिकार अधिनियम, नजूल जांच एवं भूमि आवंटन संबंधी प्रकरण, सूचना का अधिकार अधिनियम के तहत अपील प्रकरणों, विशेष विवाह अधिनियम तथा हिंदू विवाह अधिनियम के तहत विवाह के पंजीयन, राइस मिलिंग इंडस्ट्री एक्ट, आवश्यक वस्तु अधिनियम के तहत दर्ज प्रकरणों, जिला जनगणना अधिकारी शासकीय अधिवक्ताओं की नियुक्ति, मोटर अधिनियम, शस्त्र लाइसेंस की द्वितीय प्रति जारी करने ,फर्म एवं सोसायटी संबंधी कार्य, पर्यटन विकास एवं पुरातत्व संबंधी कार्य, जिला सत्कार अधिकारी तथा जिले में महत्वपूर्ण बैठकों की तैयारी की जिम्मेदारी दी गई है। संयुक्त कलेक्टर अयोध्या प्रसाद द्विवेदी को उप जिला निर्वाचन अधिकारी, प्रभारी अधिकारी आर्म्स ,राहत शाखा, शिकायत शाखा अधीक्षक शाखा लाइसेंस शाखा, विभागीय जांच, वित्त शाखा, स्थापना शाखा, अनुकंपा नियुक्ति, व्यवहारवाद राजस्व नकल शाखा, वाहन शाखा उत्तराधिकार तथा वारिसाना प्रमाण पत्र भारतीय नागरिकता संबंधी प्रकरण विधानसभा का लोकसभा के प्रश्नों के उत्तर तैयार करने भू अर्जन शाखा जनसुनवाई लोकायुक्त मानवाधिकार आयोग जन प्रतिनिधियों से प्राप्त महत्वपूर्ण पत्रों के उत्तर, टीएल शाखा तथा रीडर शाखा की जिम्मेदारी दी गई है। श्री द्विवेदी को धर्मस्व स्टेशनरी आवक-जावक वरिष्ठ लिपिक शाखा मुख्यमंत्री स्वेच्छा अनुदान राजस्व अभिलेखागार नजारत स्टोर शाखा तथा सूचना का अधिकार शाखाओं का प्रभार दिया गया है। हनुमना और मऊगंज में तैनात एसडीएम तथा अनुभागीय अधिकारी राजस्व अपने अनुभाग में कार्यपालिक दंडाधिकारी भू अर्जन अधिकारी भाड़ा नियंत्रण अधिकारी सहित जन्म मृत्यु पंजीयन, प्रभारी लोक परिसंपत्ति प्रबंधन सहित सभी प्रभारों की जिम्मेदारी निभाएंगे।

## नईगढ़ी में शांति समिति की बैठक में गणेश उत्सव व ईद मिलादुन्नबी पर सौहार्द्र बनाए रखने की अपील



**मऊगंज।** जिले के नईगढ़ी थाना परिसर में बुधवार, 27 अगस्त की दोपहर को शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में गणेश उत्सव व ईद मिलादुन्नबी जैसे आगामी त्योहारों को शांति और भाईचारे के साथ मनाने का संदेश दिया गया। इस अवसर पर पुलिस प्रशासन ने नागरिकों से सौहार्द बनाए रखने और अफवाहों से दूर रहने की अपील की। यह बैठक कलेक्टर संजय कुमार जैन एवं पुलिस अधीक्षक आर.एस. प्रजापति के निर्देश पर थाना प्रभारी ए.पी. मिश्रा के नेतृत्व में संपन्न हुई। कार्यक्रम में पूर्व मंडल अध्यक्ष बृजेंद्र गुप्ता, मस्जिद कमेटी के अध्यक्ष कमरुद्दीन खान, समाजसेवी, जनप्रतिनिधि और नगरवासी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।थाना प्रभारी ए.पी. मिश्रा ने संबोधित करते हुए कहा कि ₹त्योहार अमन-चैन और आपसी भाईचारे के प्रतीक हैं। इन्हें मिल-जुलकर मनाना ही हमारी परंपरा है। प्रशासन पूरी तत्परता से आपके सहयोग में खड़ा है।₹ उन्होंने आयोजकों से अपील की कि किसी भी आयोजन की पूर्व सूचना पुलिस को दें, जिससे सुरक्षा व्यवस्था समय पर सुनिश्चित की जा सके।एएसआई पवन अवस्थी ने कहा कि पर्व समाज को जोड़ने का काम करते हैं, अतः इन्हें सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाना आवश्यक है। किसी भी विवाद या अफवाह की स्थिति में तत्काल पुलिस को सूचित करें।बैठक में समाजसेवी बृजेंद्र गुप्ता ने कहा कि भारत की पहचान इसकी सांस्कृतिक विविधता और आपसी सद्भावना में निहित है। हमें त्योहारों के माध्यम से समाज में भाईचारे की मिसाल पेश करनी चाहिए।वहीं मुस्लिम समाज के प्रतिनिधि कमरुद्दीन खान ने कहा कि ₹ईद मिलादुन्नबी शांति और सद्भाव का पर्व है। इसे खुशी और भाईचारे के साथ मनाया जाना चाहिए।₹ हसन खान ने भी सभी से आपसी मेल-जोल और अमन कायम रखने की अपील की।बैठक में नसीम खान, मुनीर खान, श्रीकांत तोमर, रामपाल सिंह, सरपंच नसरीन बेगम, ओवैदुल खान, गेंदलाल चौबे, जगदीश सिंह, मुन्नालाल साकेत सहित दो दर्जन से अधिक जनप्रतिनिधि व समाजसेवी उपस्थित रहे। सभी ने आश्वासन दिया कि नईगढ़ी क्षेत्र की गंगा-जमुनी तहजीब को बनाए रखते हुए त्योहारों को शांति और सौहार्द के साथ मनाया जाएगा।